मौसम
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24°C | 14°C |

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक

दुमका, वर्ष : 08, अंक : 45 | Email: Email-santalexpress20@gmail.com | गुरुवार | 06 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 02 रू | ई-पेपर व दैनिक ताजा खबरः www.santalexpress.com पर पढ़े

# कुछ लोग हमें बांटने में लगे हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहें: हेमंत

- पूरी दुनिया में संथाल समाज के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी : हेमंत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**धनबाद/लुगुबुरु।** संताल समाज के कंधे पर पूरी दुनिया की जिम्मेवारी है। कुछ लोग हमें बांटने में लगें हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। किसी समाज में धर्म स्थल के रूप में मंदिर, किसी में मस्जिद तो किसी में गुरुद्वारा बनाया जाता है। हमारा समाज प्रकृति को ही अपना धर्म स्थल मानता है, प्रकृति से प्रेम व पूजा करता है और प्रकृति को ही बचाए रखने का संकल्प लेता है। जल, जंगल व जमीन बचाए रखना चाहता है। गुरुजी (दिशोम गुरु शिबू सोरेन) गुजर गए परंतु उनके विचारों को जीवित रखना है।? यहां इनकी स्मृति में शुरू खिचड़ी सेवा चलती रहेगी, मुझे आशीर्वाद दीजिए। यहां गुरुजी की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। इस पवित्र स्थल के विकास को लेकर सरकार संकल्पित है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म सम्मेलन में कही। उन्होंने संथाली में करीब आधे घंटे तक सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री लुगु पहाड़ पर लुगु बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ में राजकीय महोत्सव 2025 सह तीन दिवसीय 25वां अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के अंतिम



दिन सोहराय सुनामी (कार्तिक पूर्णिमा) को मुख्य पूजा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सबसे पहले बिरसा मुंडा चौक पहुंचे। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर सीधे दोरबार चट्टानी स्थित पुनाय थान (मंदिर) पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन व मत्था टेक कर राज्यवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। फिर मंच पर आकर



मुख्य समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बन गया, कइयों को पेट में दर्द हो रहा है। इसलिए मुझे जेल भेजा गया। परंतु जनता की दुआ व आशीर्वाद से मैं बाहर निकलकर पुनः झारखंड व झारखंडियों का विकास के लिए लग गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ समाज को आगे लाने के लिए दिन-रात सोचता हूं। हमारे समाज के ही कुछ दुश्मन हमें अलग करना चाहते हैं बांटना चाहते हैं। इसलिए हमें सचेत रहना है और एक रहना है। वहीं सोशल? मीडिया से बच्चे भटक भी रहे हैं, ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कहीं भी रहें परन्तु साल भर में तीन दिन समय जरूर निकाल कर लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ में आकर समाज से जुड़े रहें। साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी यहां की गौरवशाली इतिहास के बारे में जरूर बताएं। मुख्यमंत्री के अलावा मंच पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद व चमरा लिंडा, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष रतन लाल मांझी व पूर्व जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मुर्मू, अधिकारियों में आईजी सुनील भास्कर, डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह व टीटीपीएस महाप्रबंधक अनिल कुमार शर्मा तथा समिति से अध्यक्ष बबुली सोरेन व सचिव लोबिन मुर्मू मौजूद थे।

**पौने दो घंटे रूके मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री दोपहर करीब सवा दो बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचे और शाम करीब चार बजे रवाना हुए। वे यहां करीब पौने दो घंटे तक रूके। वह यहां अपनी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, दोनों पुत्र व सास-ससुर के साथ आए थे। यहां तीन दिवसीय आयोजन के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों सहित देश-विदेश से एक अनुमान के अनुसार करीब पांच लाख महिला-पुरुष श्रद्धालु पहुंचे थे।

## संक्षिप्त

### बीजापुर मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में माओवादी विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने बीजापुर जिले के घने जंगलों में चल रही मुठभेड़ के दौरान कथित तौर पर तीन माओवादी विद्रोहियों को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह झड़प बुधवार को तेलंगाना की सीमा के निकट तारलागुडा क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल से तीन माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं और हथियार भी जब्त कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ अन्नाराम और मरिमल्ला गांवों के बीच जंगली इलाके में हो रही है, जो माओवादी गतिविधियों और दुर्गम इलाकों के लिए जाना जाता है। पुलिस दल जंगल में तैनात हैं और बुधवार शाम तक अभियान अभी भी सक्रिय था। खुफिया जानकारी से पहले ही क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों की गतिविधि का संकेत मिला था।

### ईडी ने जेएससीए अध्यक्ष को भेजा समन, 11 को तलब

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रर्वतन निदेशालय ने बुधवार को जेएससीए के अध्यक्ष को समन भेजकर 11 नवंबर को रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। उन पर आरोप है कि उन्होंने जेएससीए स्टेडियम के निर्माण के वक्त बड़ी अनियमितता बरती थी। जानकारी के मुताबिक जेएससीए स्टेडियम निर्माण में अनियमिता को लेकर पहले से ही जमशेदपुर कोर्ट में मामला दर्ज था। उसी केस ईडी ने टेकओवर किया है। यह मामला पूर्व जेएससीए अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के कार्यकाल के वक्त का बताया जा रहा है।

### अमेरिका के सबसे लंबे 'शटडाउन' का 36वें दिन में प्रवेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक अक्टूबर से शुरू हुआ संघीय सरकार का शटडाउन बुधवार को अपने 36वें दिन में प्रवेश कर गया। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' है। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। इस 'शटडाउन' की वजह से 4.2 करोड़ गरीब अमेरिकियों की खाद्य सहायता (फूड स्टैंप) रुक गई है। जो राष्ट्रीय आबादी का लगभग आठवाँ हिस्सा है और जिनमें से अधिकांश गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं।अमेरिका के कृषि विभाग के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है जबकि इस माह फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत होगी।

# बिहार विस चुनाव : पहले चरण में 121 विस सीटों पर वोटिंग आज

- 45,341 बूथ बनाए गए, चुनावी मैदान में 1314 उम्मीदवार

## 100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता

एजेंसी। पटना

बिहार में पहले चरण मतदान कल यानी छह नवंबर को है। 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। बुधवार सुबह से ही डिस्पैच सेंटरों से मतदान कमी ईवीएम-वीवीपैट और अन्य सामग्री लेने में जुट गए। आज शाम तक सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल पहुंच जाएंगे। गुरुवार सुबह पांच बजे ही बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल किया जाएगा। इसके दो घंटे बाद यानी सात बजे मतदान शुरू होगा।

**पहले चरण में इन जिलों में मतदान :** पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर,



लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर। इन 121 सीटों पर कुल 2496 नामांकन दाखिल हुए थे। जांच के क्रम में 1939 को वैध पाया गया। उनमें से 70 प्रत्याशियों ने नामांकन बाद में वापस ले लिया। इसके बाद, कई सेट में नामांकन की छंटनी करते हरेक प्रत्याशी के एक नामांकन को लिया गया तो प्रत्याशियों की कुल वास्तविक संख्या 1314 रह गई। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा, 1, 00, 904 सर्विस वोटर भी इस चरण में वोट डालेंगे। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। 3, 22, 077 दिव्यांग मतदाता और 5, 31, 423 वरिष्ठ नागरिक मतदाता जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वाले 5, 24, 687 और 100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता शामिल हैं।

### पहले चरण की हॉट सीटें

**तारापुर (मुंगेर):** मुख्य मुकाबला- सम्राट चौधरी (डिप्टी सीएम, भाजपा) बनाम अरुण कुमार (राजद)।

**राघोपुर (वैशाली):** मुख्य मुकाबलाः तेजस्वी यादव (राजद) बनाम सतीश कुमार यादव (भाजपा) बनाम चंचल सिंह (जन सुराज)।

**महुआ (वैशाली):** मुख्य मुकाबलाः तेज प्रताप (जनशक्ति जनता दल) बनाम मुकेश कुमार रौशन (राजद) बनाम संजय सिंह (एलजेपी आर)।

**अलीनगर (दरभंगा):** मुख्य मुकाबलाः मैथिली ठाकुर (सिंगर, भाजपा) बनाम विनोद मिश्रा (राजद)।

**छपरा (सारण):** मुख्य मुकाबलाः खेसारी लाल यादव (भोजपुरी एक्टर, राजद) बनाम छोटी कुमारी (भाजपा)।

**लखीसरायः** मुख्य मुकाबलाः विजय कुमार सिन्हा (डिप्टी सीएम, भाजपा) बनाम सूरज कुमार (कांग्रेस)।

**मोकामा (पटना):** जदयू के अनंत सिंह बनाम वीणा देवी (राजद)।

**हसनपुर (दरभंगा):** मुख्य मुकाबलाः राज कुमार राय (जदयू) बनाम माला पुष्पम (राजद)।

**बखरी (बेगूसराय):** मुख्य मुकाबलाः सूर्यकांत पासवान (सीपीआई) बनाम रामशंकर पासवान (भाजपा)।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दिया इस्तीफा

- पुलिस महकमे में हलचल तेज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**रांची।** झारखंड में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। विश्वस्त आधिकारिक सूत्रों के हवाले से आई खबर के मुताबिक उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर अपना त्यागपत्र सौंपा। इस्तीफे की वजहों के बारे में अब तक पता नहीं चल पाया है। सूत्रों का कहना है कि गुप्ता ने मंगलवार की देर शाम त्यागपत्र दिया। सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इस संबंध में कोई वक्तव्य या सूचना नहीं दी गई है, लेकिन उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार सरकार ने बुधवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई नियुक्ति तक उन्हें पद पर बने रहने को कहा है। राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति पर उच्चस्तरीय विमर्श तेज हो गया है। सीनियर आईपीएस प्रशांत सिंह और दूसरे एमएस भाटिया में से किसी एक का नाम संभावित डीजीपी के तौर पर सामने आ रहा है। अनुराग गुप्ता 1990 बैच के आईपीएस हैं, जिन्हें वर्ष 2022 में पुलिस महानिदेशक (डीजी) के रैंक में प्रमोशन मिली थी। इसके बाद वह डीजी ट्रेनिंग बनाए गए थे। झारखंड सरकार ने 26 जुलाई 2024 को उन्हें प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया था। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें उनके पद से हटा दिया था। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही 28 नवंबर 2024 को हेमंत सोरेन सरकार ने उन्हें फिर से प्रभारी डीजीपी के रूप में तैनात किया। अखिल भारतीय सेवाओं की नियमावली के अनुसार, अनुराग गुप्ता को 30 अप्रैल, 2025 को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्त होना था, लेकिन इसके पहले राज्य सरकार ने डीजीपी नियुक्ति के लिए एक नई नियमावली लागू की। नई नियमावली के तहत 2 फरवरी 2025 को अनुराग गुप्ता को दो वर्ष के लिए नियमित डीजीपी के पद पर नियुक्त किया गया। इस नई नियमावली के अनुसार, उनका कार्यकाल फरवरी 2027 तक था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस पर आपत्ति जताई थी और राज्य सरकार को दो बार पत्र लिखकर अनुराग गुप्ता को पद से हटाने को कहा था।

# गिरिडीह में कार्तिक उद्यापन जुलूस के दौरान हिंसक झड़प में 20 लोग घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में ताराटाड़ थाना क्षेत्र के बदमुन्दा में बुधवार को कार्तिक उद्यापन जुलूस के दौरान दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प में 20 लोग घायल हो गये। इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों का स्थानीय स्वास्थ केन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बाबत बताया गया कि उद्यापन जुलूस के दौरान पहले दो लोगों में मामूली कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडा और पत्थर चलने लगे। इस अफरा-तफरी में लोग जख्मी हो गये। झड़प की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीत वाहन उरांव, गाण्डेय के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. विमल कुमार भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने कहा कि महज दो लोगों के आपसी विवाद को अनावश्यक रूप से दो पक्षों के बीच की झड़प बताकर विधि-व्यवस्था में खलल डालने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। जांच के बाद दोषियों खे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति सामान्य है और गांव में पुलिस कैंप कर रही है।

# रांची में ड्रग्स रैकेट का खुलासा, 23 साल की सेजल समेत चार गिरफ्तार, 28 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने ड्रग्स का कारोबार चलाने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल 140 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 28 लाख रुपए बताई गई है। साथ ही 2.76 लाख रुपए नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। रांची के एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लेकर रांची आ रहे हैं और न्यू मार्केट चौक, रातू रोड के पास इसकी सप्लाई करने वाले हैं।



सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में डीएसपी कोतवाली की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने देर रात न्यू मार्केट चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास घेराबंदी की और संदिग्ध गतिविधि के बीच एक महिला को पकड़ा, जबकि उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार महिला की पहचान शाइस्ता परवीन उर्फ सेजल खान (23) के रूप में की गई। उसकी तलाशी में 92.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। उसने पूछताछ में खुलासा किया कि वह यह सप्लाई सासाराम (बिहार) के बबन साह उर्फ मौसा जी और सूरज कुमार से लेकर आई थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बरियातू के एदलहातु स्थित किराए के मकान में छापेमारी कर 10.24 ग्राम अतिरिक्त ब्राउन शुगर और 2.65 लाख रुपए बरामद किए तथा उसके पिता मोहम्मद सरवर (52) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सेजल ने बताया कि उसकी बहन शगुफ्ता परवीम उर्फ मुस्कान और जीजा मोहम्मद राजू भी रातू इलाके में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हैं। इस सूचना पर पुलिस ने अलकमर कॉलोनी में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 36.85 ग्राम ब्राउन शुगर और 11,720 रुपए बरामद किए।

# बिहार चुनाव: तेजस्वी और तेज प्रताप में गजब की पॉलिटिक्स

प्रियरंजन भारती

चुनावी चटखारे

तेजस्वी तेज प्रताप दुनों भाई ही तो हैं। तेज प्रताप परिवार आउ पार्टी दुनों से निकाल दिए गए। तेज प्रताप ने जब अपने से ताल ठोंक दी तब समझ में आया कि बड़ा तो वाकई बड़ा है। अक्लमंदी भी अभिए दिखने लगी।तेजू भाई वास्तव में अक्लमंद हैं ई बतवा अभिए लोग बूझे हैं। पहिले तो ऊ वृंदावन में कान्हा बनके मुरली बजाते चलते थे।पता चला पिता लालू जी छोटका तेजस्वी के पुत्रमोह में धृतराष्ट्र बन गये हैं।तेज प्रताप छोटके भाई के चलते साजिश के शिकार हुए। महुआ सीट पर ताल ठोकिन आउ ढेरों सीट पर अपन अलगे उम्मीदवार दे के तेजस्वी के मुश्किल बढ़ा दिए।बुझा गया कि तेजू भाई पिता के कुचक्र के चलते फ्रस्ट्रेशन में अटल पटर करते चलते थे।जब एकदमे बिलगा दिए



गए तबे ज्ञान पिटारा खुला।अब अइसन जलवा दिखाने लगे कि छोटे भाई के होश ठिकाने लगने लगा। तेजस्वी बोलते चल रहे कि ईडी ,सीबीआई, केंद्र सरकार, नीतीश सरकार, बीजेपी हमको पीछा कर रहे आउ हम अकेले छक्का छोड़ले हैं। लेकिन तेज प्रताप कह रहे कि तेजस्वी बच्चा है। चुनाव बाद लेमन्चूस पकड़के चूसेगा। बतवा तो कटकटा के लग रहा है तेजस्वी को।अरे भाई,बड़े भाई के साथ साजिश होगी तब झेलना तो पड़बे न करेगा? काहे कि ऊ भी तो सहोदर हैं। लालू के बेटा ऊहो हैं।

**योगी बाबा का बुलडोजर :** मोदी जी से कम पोपुलर योगी बाबा नहीं हैं। योगी बाबा का डिमांड ढेर है। बीजेपी कैंडिडेट सब योगी बाबा से ही प्रचार करवा के सीट पक्का करवाने के होड़ में लगल हैं। योगी बाबा बुलडोजर बाबा भी तो कहे जाते हैं।सो बुलडोजर के सारे साथ प्रचार कर रहे हैं। गया जी के वजीरगंज की सभा में मैदान के भीतर खड़े बुलडोजर सब पर पब्लिक की भीड़ जमी थी।बोलिन कि 'झांसा में मत आइयेगा जंगल राज वालों के। झूठ-मूठ के वादों की झड़ी लगा रहा है।गलती से वोट दे दीजिएगा तो जंगलेराज ले आएगा। एनडीए को वोट दीजियेगा तबे बुलडोजर राज आवेगा।अब योगी बाबा कह रहे हैं तो बुलडोजर का असर तो होबे न करेगा। योगी बाबा आखिर बुलडोजर बाबा तो हइए न हैं जी!

**ज्योति देवी पर हमला, मांझी जी का एलेक्शन हिट?:** हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा ,हम मांझी जी की पार्टी है।छौ सीट पर चुनाव लड़ रही है।समधिन ज्योति देवी, पतोहु सब मैदान में हैं। टेकारी में हम विधायक अनिल कुमार पर जानलेवा हमला हुआ तो हिट हो गये।जीत पक्की।अब समधिन ज्योति देवी पर भी ईंट पत्थर से हमला हुआ।सीने में जबरदस्त चोट है। मगध हॉस्पिटल में भर्ती हैं। हमले के बाद ई भी हिट हो गई।जीत की गारंटी। इलेक्शन न है। हमले होते ही हैं।

## ड्रग्स रैकेट के 4 सदस्य गिरफ्तार 28 लाख का ब्राउन शुगर जब्त

**रांची।** रांची पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडा फोड़ किया है।एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लेकर रांची आ रहे हैं और न्यू मार्केट चौक, रातू रोड के पास अपने सहयोगियों को इसकी सप्लाई करने वाले हैं।इस सूचना के बाद के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए न्यू मार्केट चौक स्थित टेम्पो स्टैंड के पीछे सादे कपड़ों में इंतजार करना शुरू कर दिया। मंगलवार की रात करीब 10-15 बजे एक महिला टेम्पो स्टैंड के पीछे एक दुकान के पास आकर खड़ी हुई, जिसके कुछ देर बाद तीन-चार व्यक्ति उससे बातचीत करने लगे। पुलिस को संदेह हुआ और जैसे ही टीम उनकी ओर बढ़ी, सभी लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके एक महिला गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य फरार हो गए।गिरफ्तार महिला ने अपना नाम सेजल उर्फ साहिस्ता प्रवीण उर्फ सेजल गुप्ता तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 92.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया।पूछताछ में सेजल ने बताया कि वह यह ब्राउन शुगर सासाराम, बिहार के बबन साह उर्फ मौसा जी और सूरज कुमार से लेकर आ रही थी।उसका पूरा परिवार ब्राउन शुगर कारोबार में लिप्त है। सेजल ने यह भी खुलासा किया कि वह अपने किराए के घर, एदलहातु, बरियातू में भी ब्राउन शुगर बरामद करवा सकती है।इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल एदलहातु स्थित उसके घर पर छापेमारी की. उसके घर से 10.24 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया।इसके अलावा ब्राउन शुगर बेचकर रखे गए कुल 2.65 लाख नकद भी बरामद हुए।सेजल ने बताया कि यह अवैध कारोबार घर में उसके पिता मो0 सरवर द्वारा किया जाता है।

## सांढ़ के हमले से 15 से अधिक लोग घायल, चार गंभीर



**जमशेदपुर।** डिमना रोड के संकोसाई रोड नंबर एक से लेकर रोड नंबर पांच तक, संजय पथ से लेकर लक्ष्मण नगर तक बुधवार को एक सांढ़ ने दहशत फैला दी। सांढ़ के हमले में 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में चार लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इनमें संकोसाई रोड नंबर-2 निवासी चंदेश्वर प्रसाद गुप्ता की हालत सबसे नाजुक है। विधायक सरयू राय की पहल पर उन्हें तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अन्य घायलों में अन्नी की माता, गुनाराम दुडू और आजादी साहू का नाम शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर में सांढ़ क्षेत्र में इधर-उधर भाग रहा था, लेकिन बाद में वह उग्र हो गया और राहगीरों पर हमला करना शुरू कर दिया। लोग बचने के लिए घरों और दुकानों में छिपने लगे, लेकिन सांढ़ के सामने आने वालों को उसने बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोग सबसे पहले मानगो नगर निगम पहुंचे और मदद की गुहार लगाई, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने यह कहकर हाथ खड़े कर दिए कि उनके पास ऐसे पशु को पकड़ने का कोई साधन नहीं है।

## राशन डीलर ने अपनी ही नौकरानी के साथ कर दिया राशन घोटाला

**धनबाद।** धनबाद में राशन डीलर की ओर से फर्जीवाड़ा का एक मामला बुधवार को सामने आया है। बाबूडीह स्थित डीलर हेमलता सिन्हा ने अपने ही घर पर काम करने वाली कलावती देवी से 10 सालों तक घर का झाड़ू-पोछा, बर्तन धोने का काम करवाती रही और उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर कई अज्ञात लोगों का नाम जोड़ फर्जी राशन कार्ड बनवाकर उसके थंब का इस्तेमाल कर राशन उठाती रही। वहीं, उक्त महिला के काम के बदले उसे महीने में केवल पांच किलो अनाज देती रही। इतना ही नहीं डीलर ने कलावती को बहला-फुसलाकर उसके भतीजे अभिषेक राय और उसकी भाभी अंजलि देवी की भी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर दर्जनों अज्ञात लोगों का नाम जोड़ा और उनसे भी थंब लेकर राशन लेती रही। इसके बदले में उन्हें कभी 5 तो कभी 10 किलो अनाज दे दिया करती थी। इस दौरान कलावती देवी, उसका भतीजा अभिषेक राय और उनकी भाभी अंजलि देवी से हर माह फिंगर लगाकर राशन उठाने का काम करती थी। वहीं, जब भी इन्होंने राशन कार्ड मांगने का प्रयास किया, तो डीलर हेमलता कहती थी, आम खाओ गुठली मत गिनो। वहीं, हाल के दिनों में जब मैया सम्मान योजना को लेकर राशन कार्ड की मांग की गई तो परिवारवालों ने डीलर हेमलता सिन्हा पर राशन कार्ड देने के लिए दबाव बनाया। जिसके बाद डीलर हेमलता सिन्हा ने अपनी नौकरानी कलावती देवी को काम से ही निकाल दिया।

## सीसीएल में 7 और 8 नवंबर को ‘सतर्कता महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**रांची ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के तहत इस वर्ष सतर्कता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय यह कार्यक्रम 7 एवं 8 नवम्बर 2025 को सीसीएल मुख्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य कर्मचारियों तथा नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी दिए गए QR कोड को स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं या फिर नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। रांची स्थित YBN विश्वविद्यालय में 5 नवंबर 2025 को गुरु नानक जयंती का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आर एस एस के प्रांत प्रचारक झारखंड, श्री गोपाल शर्मा जी और डॉ बी. के सिंह डीन सरला बिरला यूनिवर्सिटी, श्री आशुतोष द्विवेदी जी उपस्थित रहे।

## सिंफर में चल रहे एसएसबीएमटी में सभी छह प्रतियोगिता शुरू



**धनबाद।** सिंफर में चल रहे शांति स्वरूप भटनागर टूर्नामेंट (एसएसबीएमटी) में बुधवार को सभी पाँच खेलों के मुकाबले शुरू हो गए । ब्रिज , शतरंज , टेबल टेनिस , और कैरम के मुकाबले सिम्फर प्रांगण में ही आयोजित हो रहे हैं, जिसमें छह टीमें हिस्सा ले रही हैं । बैडमिंटन के मैच कला भवन धनबाद में आयोजित हो रहे है । आज सभी खेलों का उद्घाटन सिंफर निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने किया । सभी खिलाड़ियों में जोश और उत्साह देखा जा रहा है । कैरम खेल के महिला वर्ग में पारुल गर्ग और डा रुपाली वैचल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई । पुरुषों के कैरम मुकाबले में एनआईओ गोवा , सीआरआर आई दिल्ली , सीबीआरआई रुड़की और सीएमई आरआई दुर्गापुर की टीमों ने सेमी फाइनल मैच के लिए क्वालीफाई किया । बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सेमी फाइनल में जगह बनाने वाली टीम हैं एनआईओ गोवा, एनसीएल पूना , सीबीआर आई रुड़की और आईआईटीआर लखनऊ शामिलहैं । टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग में सेमी फाइनल में जगह बनाने वाली टीम सीबीआरआई रुड़की, आईआईटी आर लखनऊ, सीआरआरआई दिल्ली, और सीएमईआरआई दुर्गापुर हां। सभी खेलों में निर्णायक मंडल धनबाद खेल एसोसिएशन के सदस्य हैं ।

# लूट और छल की सरकार को अब जनता देगी जवाब : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस




**जमशेदपुर।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर बुधवार को भाजपा ने हेंदलजूड़ी और बनकाटी पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में झारखंड की सत्ता पर काबिज हेमंत सरकार ने प्रदेश को विकास नहीं, बल्कि लूट की सरकार दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके मंत्री, विधायक और अफसर मिलकर राज्य की जनता को रोजगार, शिक्षा और विकास से वंचित रख रहे हैं, जबकि सत्ता के गलियारों में केवल भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का बोलबाला है। मरांडी ने कहा कि अब स्थिति यह हो गई है कि गांवों की नदी-नालों की बालू तक इन लुटेरों ने नहीं छोड़ी। उन्?होंने कहा कि जो अधिकार पहले ग्राम सभा और पंचायतों के पास थे, उन्हें सरकार ने छीन लिया है और बड़े-बड़े ठेकेदारों के हाथों में सौंप दिया है। इसके कारण बालू की कीमतें आसमान छू रही हैं और आम लोग अपने घर बनाने तक के लिए परेशान हैं। उन्होंने जनता से अपील किया कि अब समय आ गया है कि झारखंड को लुटेरों से मुक्त कराया जाए। घाटशिला की जनता एकजुट होकर कमल निशान को वोट दे और इस लूट की सरकार को उखाड़ फेंके। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं के सपनों को तोड़ा और उनके भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने हर साल पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन छह साल बीत जाने के बाद भी न तो रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपने वादे पर कायम रहती, तो अब तक 30 लाख युवाओं को नौकरी मिल चुकी होती, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। जायसवाल ने आरोप लगाया कि बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर भी सरकार ने करोड़ों रुपये का घोटाला किया और युवाओं के साथ मज़ाक किया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड का युवा जाग चुका है और जो सरकार उसके भविष्य से खेलती है, उसे मुंहतोड़ जवाब देगा। सम्मेलन में विधायक बड़कुंवार गगराई, बंगाल के विधायक महेश्वर महतो सहित कई अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य की योजनाओं के शिलापट्ट से हटेंगे केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के नाम

**रांची।** झारखंड सरकार ने शिलान्यास और उद्घाटन समारोहों को लेकर गाइडलाइन में बड़ा बदलाव किया है। अब राज्य सरकार की योजनाओं के शिलापट्ट पर केंद्र सरकार के मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री या स्थानीय सांसदों के नाम नहीं लिखे जाएंगे।नए निर्देश के अनुसार, शिलापट्ट पर केवल मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, स्थानीय मंत्री, संबंधित विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष और नगर पंचायत प्रमुखों के नाम अंकित होंगे। साथ ही 20 सूत्री कार्यक्रम के प्रभारी मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।यह नियम राज्य की सभी योजनाओं पर लागू होगा चाहे वे ग्रामीण विकास की हों या शहरी परियोजनाओं से जुड़ी। राज्य सरकार ने सभी जिलों के उपायुक्तों और विभागीय अधिकारियों को इस गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। भाजपा नेताओं ने इस निर्णय को राज्य सरकार की ÷छोटी मानसिकता÷ करार दिया है।भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने कहा, ÷शिलापट्ट से सांसदों का नाम हटाना राज्य सरकार की संकुचित सोच को दर्शाता है। यह केंद्र और राज्य के संबंधों को कमजोर करने वाला कदम है।÷वहीं, झारखंड सरकार के सूत्रों का कहना है कि यह कदम प्रशासनिक व्यवस्था को सरल बनाने और राज्य की योजनाओं को अलग पहचान देने के उद्देश्य से उठाया गया है।राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य की योजनाओं का श्रेय राज्य सरकार को ही मिलना चाहिए।उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं में पहले की तरह केंद्रीय प्रतिनिधियों के नाम रहेंगे, लेकिन राज्य की योजनाओं में अब केवल राज्य स्तर के जनप्रतिनिधियों के नाम ही शामिल होंगे।धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

## कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान पांच युवक नदी में बहे, तीन को बचाया गया

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर धनबाद-बोकारो फोरलेन स्थित तेलमोच्चो पुल के ठीक नीचे दामोदर नदी में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने पहुंचे पांच युवक नदी में बह गए। जिसमें से तीन को बचा लिया गया है, जबकि दो अब भी लापता बताए जा रहें हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बाघमारा भीमकनाली के पांच युवक दामोदर नदी में पवित्र स्नान करने पहुंचे थे। इस दौरान ये सभी नदी की तेज धारा में आ गए और सभी नदी के साथ बहने लगे। इसी दौरान पास में खड़े कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दीखते हुए उनमें से तीन युवकों को किसी तरह नदी की तेज धार से बाहर निकालने में सफल रहे, जबकि दो युवक नदी की तेज धारा में गायब हो गए। लापता युवकों की पहचान सनी चौहान (21) और सुमित राय (18) के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद गोताखोरों की टीम को बुलाया गया और नदी में लापता युवकों की खोजबीन शुरू की गई है। सूचना मिल रही है कि तलाशी के दौरान नदी से एक शव निकाला गया है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नही हो सकी है। गोताखोरों की टीम अभी भी लापता दोनों युवकों की तलाश में जुटे हुए हैं।

# पुलिस और ग्रामीणों में हुए हिंसक झड़प में आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी, 11 ग्रामीण हिरासत में

संताल एक्सप्रेस



**पलामू ।** जिले के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के रेवारातू में बुधवार से शुरू हुए स्टोन माइंस के उदघाटन कार्यक्रम के दौरान जमकर हंगामा हुआ। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पारंपरिक हथियारों से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। घटना में आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। दो पुलिस जवानों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। अन्य का इलाज घटनास्थल पर किया गया। घटनास्थल से 11 ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें आठ महिलाएं शामिल हैं। इस बीच पुलिस सुरक्षा में माइंस की गतिविधियों से जुडे कार्यों को शुरू करा दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार से माइंस क्षेत्र में खनन कार्य शुरू होना था। उदघाटन कार्यक्रम होना था। खनन कार्य को लेकर ग्रामीण लंबे समय से विरोध कर रहे थे। सुबह पहाड़ पर पहुंचने के क्रम में अचानक घात लगाए ग्रामीणों ने हमला कर दिया। सभी पारंपरिक हथियारों से लैस थे। इस क्रम में जैप-8 लेस्लीगंज के हवलदार महेन्द्र कुमार दुबे, अखिलेश कुमार, लेस्लीगंज थाना के एएसआई सचिदानंद शर्मा, सतरबवा के सुधीर सिंह सहित जख्मी हो गए। रोड़ेबाजी में भी उन्हें चोट आयी। हवलदार महेन्द्र कुमार दुबे और अखिलेश कुमार को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। माइंस क्षेत्र में पुलिस कैंप स्थापित किया गया है। मौके पर प्रशिक्षु आइएएस हिमांशु लाल, लेस्लीगंज के एसडीपीओ मनोज झा, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, राजेश यादव, लेस्लीगंज के थाना प्रभारी उतम कुमार राय मुख्य रूप से मौजूद थे। मजिस्ट्रेट के रूप में संजीत कुमार और राजन कुमार सिंह मौजूद थे। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में उदघाटन कार्यक्रम हुआ।

## बंद आवास का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**धनबाद।** बलियापुर करमाटांड़ लक्ष्मी कॉलोनी में नकदी सहित आठ लाख की संपत्ति की चोरी हो गई। घटना मंगलवार की रात की है। चोरों ने अवधेश कुमार के घर का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। अवधेश कुमार परिवार के साथ अपने पैतृक घर बिहार गए थे। अवधेश कुमार ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पत्नी करमाटांड़ आवास में थी। रात को उन्हें डर लगने लगा तो पड़ोस में चली गईं। इधर रात में चोरों ने घर साफ कर दिया। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजा एवं अंदर के प्रवेश द्वार का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दो अलमीरा को तोड़कर एक लाख 80 हजार रुपए एवं सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ली। चोरी गए सामानों में सोने की चेन, अंगूठी, नोज पिन, 1 जोड़ा कंगन, एक जोड़ा सोने का बाला, सोने का लॉकेट के अलावा चांदी के प्लेट, कटोरा, ग्लास, चम्मच, चांदी के मछली आदि शामिल है। आभूषणों की कीमत सात लाख है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। भुक्तभोगी अवधेश कुमार ने थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है । पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के 4 गुर्गे गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस



**धनबाद।** गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के चार अपराधियों को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी की गिरफ्तारी मंगलवार को धनबाद पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद की गई है। पुलिस ने अपराधियों के पास से करीब 17 लाख रुपये भी जब्त नकद जब्त किया है। जमीन की खरीद से जुड़े 70 डीड और हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में से एक वासेपुर के गैंगस्टर फहीम खान का चचेरा भाई भी है। गिरफ्तार अपराधियों के तार टेरर फंडिंग से जुड़े होने की भी आशंका है। पुलिस इसकी जांच में जुटी है. यूएसडीटी के माध्यम से ये अपराधी पैसे का ट्रांसफर करते थे। पुलिस की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि प्रिंस खान गिरोह से जुड़े आठ अपराधियों को पिछली बार पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद कई जानकारी मिली। उसके बाद मंगलवार को 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। जिसमें 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से चार अपराधियों के प्रिंस खान गैंग से जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं। चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार अपराधी प्रिंस खान के लिए काम करते थे। गिरफ्तार अपराधियों में 55 वर्षीय परवेज खान, 31 वर्षीय सैफ आलम उर्फ राशिद,33 वर्षीय तौसीफ आलम उर्फ मुन्ना और 46 वर्षीय इम्तियाज अली उर्फ लाडले शामिल है। अपराधियों के पास से 17 लाख, 34 हजार, 900 रुपये नगद , एक पिस्टल, 47 गोली, जमीन के 70 डीड, विभिन्न बैंकों के 18 एटीएम कार्ड और 8 मोबाइल जब्त किए गए हैं। टेरर फंडिंग के तार जुड़ने की आशंका संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि पिछले दिनों रांची और बोकारो से गिरफ्तार अपराधियों द्वारा पाकिस्तान से हथियार खरीदने की बात सामने आई थी।

## हर्षोल्लास से मना गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव

**धनबाद।** सिख धर्म के संस्थापक व प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देवजी का 556वां प्रकाशोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।धनबाद के निरसा गुरुद्वारा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबियों ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका, गुरुवाणी सुनी और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। प्रकाशोत्सव से पूर्व सिख समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में आगे-आगे पंज प्यारे चल रहे थे, जो हाथों में त्रिकोणीय ध्वज निशान साहिब लिये हुए थे।शोभायात्रा में गुरुग्रंथ साहिब को सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया था।श्रद्धालु सामूहिक कीर्तन करते और पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते चल रहे थे। बैंड-बाजे और गतका दल के प्रदर्शन ने शोभायात्रा को भव्य रूप दिया।इसमें न केवल सिख समाज बल्कि अन्य समुदाय के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।पूरे निरसा का वातावरण गुरु की भक्ति और सद्भावना के स्वर से गूंज उठा। निरसा गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक मंजीत सिंह ने बताया कि प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आसपास की संगतों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई थी।

## हाइवा ने पुलिस गाड़ी में मारी जोरदार टक्कर, बाल-बाल बचे जवान

**बोकारो।** जिले के चास गुरुद्वारा रोड पर बुधवार को सुबह एक तेज रफ्तार हाइवा ने चास थाना पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस की गाड़ी सड़क पर पलट गई।मिली जानकारी के अनुसार, चास थाना की पुलिस गाड़ी गुरुद्वारा रोड पर ड्यूटी पर थी। इसी दौरान, पीछे से आ रहे एक हाइवा ने पुलिस गाड़ी को इतनी तेजी से टक्कर मारी कि गाड़ी नियंत्रण खोकर सड़क पर पलट गई।टक्कर के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आस-पास के लोग दुर्घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई। गाड़ी में मौजूद सभी जवान बाल-बाल बच गए।हालांकि, टक्कर से पुलिस की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।इधर दुर्घटना की सूचना मिलते ही चास थाना की अन्य पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पलटी हुई गाड़ी को सीधा कराने और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

## बरमसिया ओवरब्रिज की मरम्मत शुरू

**धनबाद।** बरमसिया ओवर ब्रिज की बुधवार से मरम्मत शुरू हो गई। इसके साथ ही पुल से होकर वाहनों के आने - जाने पर पूरी तरह से रोक लग गई है। इस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अभाव में बड़ी संख्या में लोग दो पहिया, चार पहिया लेकर इस रास्ते से गुजरने को आए। सुबह से ही प्रशासन की टीम ब्रिज पर पहुंच है। ब्रिज के दोनों छोर पर मिट्टी और पत्थर डाल कर ब्लॉक कर दिया गया था। आने वाले लोगों को लौटना पड़ा। सभी को श्रमिक चौक, गया पुल, नया बाजार ओवर ब्रिज से आना - जाना पड़ा। एक ही सड़क के कारण दिन भर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। मालूम हो कि ब्रिज की मरम्मत के लिए 20 दिसंबर तक आवागमन पर पूरी तरह से बंद कर दिया है। डीआरएम पहुंचे निरीक्षण को डीआरएम अखिलेश मिश्र बरमसिया ओवरब्रिज पर प्रारंभ हुए मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यस्थल पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मरम्मत कार्य की प्रगति, तकनीकी सुरक्षा मानकों तथा कार्य समय-सीमा के संबंध में जानकारी ली।

## छठ मेले में बड़ा हादसा, झूला टूटने से तीन घायल

**धनबाद।** झरिया के बोरागढ़ ओपी क्षेत्र स्थित बीएनआर कॉलोनी में छठ पूजा के अवसर पर लगे मेले में मंगलवार की देर रात बड़ा हादसा हो गया। मेला परिसर में लगा तारा माची का झूला अचानक टूट गया, जिससे दो महिलाएं और एक पुरुष नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया है। वहीं, घटना के बाद मेला स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित लोगों ने झूला संचालक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही बोरागढ़ ओपी पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने झूला संचालक को हिरासत में ले लिया है और जांच में जुट गई है।

## गिरिडीह में मंत्री आवास घेराव, प्रदर्शनकारी हिरासत में, निषेधाज्ञा लागू

**गिरिडीह ।** गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निजी आवास के घेराव की घोषणा के बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। झारखंड सहायक अध्यापक संघ ने स्थायीकरण और समान कार्य के लिए समान वेतनमान की मांग को लेकर बुधवार को मंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। संभावित आंदोलन को देखते हुए मंगलवार शाम से ही प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गईं। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी श्रीकांत यशवंत बिसपुते ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया। इस आदेश के अनुसार, मंत्री आवास के 500 मीटर के दायरे में अगले 72 घंटों के लिए किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की बुधवार सुबह से ही गिरिडीह पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मंत्री आवास की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। विभिन्न चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी नियुक्त किए हैं। इस बीच, गिरिडीह पहुंचने वाले झारखंड सहायक अध्यापक संघ के कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्हें शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गिरिडीह स्टेडियम में रखा गया है। सदर एसडीएम श्रीकांत यशवंत बिसपुते और एसडीपीओ जीतवाहन उरांव पूरे हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मंत्री आवास के आसपास के इलाकों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# जमीन पर कब्जे के विवाद में बवाल, 21 लोग घायल

संताल एक्सप्रेस



**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चोरही गांव में बुधवार को जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में कुल 21 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज फिलहाल अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में चल रहा है, जहां अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ एक विवादित जमीन की घेराबंदी को लेकर थी। बताया गया कि एक पक्ष अपने कब्जे को मजबूत करने के लिए कंटीली तार से जमीन की घेराबंदी कर रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया और कहा कि जमीन पर मुकदमा चल रहा है, ऐसे में कोई निर्माण या घेराबंदी नहीं होनी चाहिए। थोड़ी ही देर में तनाव बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। महिलाओं और पुरुषों के बीच हुई इस मारपीट में दोनों ओर से कई लोग लहूलुहान हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना में घायल लोगों में अशोक मेहता, विजय मेहता, फुलावंती देवी, सरिता देवी सहित अन्य कई पुरुष और महिलाएं शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक पक्ष ने पूर्व में इस जमीन विवाद को लेकर अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन भी दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण विवाद और गहराता गया। विवाद की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि भूमि विवाद में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

## विकासात्मक कार्यों के प्रगति की हुई समीक्षा



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में प्रदान संस्था द्वारा गोड्डा जिले में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त के समक्ष प्रदान टीम के द्वारा कृषि, पशुपालन, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा मूल्य संवर्धन इकाई के क्षेत्र में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। साथ ही संस्था द्वारा ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी साझा किया गया। प्रदान संस्था के द्वारा बोआरीजोर प्रखंड के हुर्सी खनन परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों के लिए आईएनआरएम सिद्धांतों के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन, तथा आजीविका विविधीकरण से संबंधित जीआईएस बेस्ड डीपीआर साझा किया गया। मौके पर आगामी जीपीडीपी के लिए जिला स्तर पर 250 गांव का जीआईएस आधारित आईएनआरएम प्लानिंग तथा मनरेगा से जुड़ी संभावनाओं पर डीपीआर बनाने का प्रस्ताव भी दिया गया। उक्त बैठक के दौरान प्रदान के तरफ टीम कॉर्डिनेटर चंद्रशेखर, प्रसन्ना एवं कणाद के अलावा आशुतोष, माज, अभिषेक समेत पीपीआईए फैलो मृत्युंजय शरण उपस्थित थे।

## अपहरणकांड का पर्दाफाश पाँच अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा।** करमाटाड़ थाना क्षेत्र में 3 नवंबर को सामने आए दो अलग-अलग अपहरण मामलों में पुलिस ने त्वरित और संगठित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। करमाटाड़ थाना कांड संख्या 106/25 और 107/25 में अपहृत आरिफ़ अंसारी और इकराम अंसारी को विशेष छापामारी अभियान चलाकर सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। जामताड़ा पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अगुवाई में गठित विशेष टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से इस अपहरण गिरोह का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई में पाँच अपराधियों को दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे साइबर ठगी में शामिल लोगों को पहचानकर उनकी रेकी करते थे और फिर फिरौती के लिए उनका अपहरण करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में आजाद अंसारी उर्फ नुनुवा देवघर, मिस्टर अंसारी गिरिडीह, समद अंसारी करमाटाड़, शिवलाल मरांडी नारायणपुर, अब्दुल हसीब करमाटाड़ का नाम शामिल है। साथ ही अभियुक्तों से देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस, बोलेरो छा04एच6042, 3 मोबाइल फोन जब्त किया गया। पूरे अभियान में जामताड़ा, गिरिडीह और करमाटाड़ थाना पुलिस की संयुक्त भूमिका सराहनीय रही। पुलिस ने कहा कि ऐसे आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ अभियान और कड़ा रहेगा।

## स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने किया वर्चुअल मीटिंग

**गोड्डा ।** स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने एक वर्चुअल मीटिंग का आयोजन कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के सचिव अखिल कुमार झा ने बताया कि स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रधान संरक्षक सुरजीत झा की अध्यक्षता व सीईओ दीपक कुमार दुबे एवं अध्यक्ष नितेश कुमार सेन की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित ऑनलाइन बैठक में एसोसिएशन से संबद्ध सभी जिला के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में कई सर्वसम्मत निर्णय लिए गए जिसमें मुख्य रूप से स्थापित परंपरानुसार भगवान बिरसा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के मौके पर ÷फिफ्थ झारखंड स्टेट स्लिंगशॉट चैंपियनशिप ÷ भगवान बिरसा मुंडा कप÷ एवं एसोसिएशन के एनुअल जेनरल मीटिंग का आयोजन 15 नवंबर को जामताड़ा में किए जाने का निर्णय शामिल है। मीटिंग का संचालन करते हुए स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव भास्कर चांद ने उन सभी जिला को इसके पूर्व डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप आयोजित कर लेने का निर्देश दिया जहां अब तक नहीं हो पाया है। धन्यवाद ज्ञापन संघ के कोषाध्यक्ष सूरज कुमार पासवान ने किया।

## देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई



**चित्तरंजन।** राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और आदर्श शिक्षाविद देशबंधु चित्तरंजन दास की 156वीं जयंती बुधवार को चिरेका में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। चिरेका प्रशासनिक भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्य अतिथि ए.के. मेश्राम, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अतिथियों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

## मतदाता सूची को लेकर फैली अफवाहों पर विराम



**चित्तरंजन।** मतदाता सूची से वैध नाम हटाए जाने की चर्चाओं के बीच सीआरएमसी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। प्रेस वार्ता में यूनियन के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनता का अधिकार सर्वोपरि है और उसकी सेवा हमारा पहला कर्तव्य। उन्होंने बताया कि 3 नंबर गेट स्थित कार्यालय और 6 वाइस वार्डनों के माध्यम से नागरिकों को एस.आई.आर. फॉर्म संबंधी जानकारी सरलता से उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही आर-7 ऑफिस में प्रतिदिन शाम 6 से रात 10 बजे तक सहायता केंद्र संचालित है।उन्होंने कहा कि एस.आई.आर. प्रक्रिया केवल सत्यापन है, और कुछ लोग भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जनता सच समझती है, और जवाब भी वही देगी उन्होंने स्पष्ट किया। इस आश्वासन के बाद क्षेत्र में राहत और विश्वास का माहौल देखा गया।

# देशबंधु की जयंती पर चित्तरंजन में उनकी प्रतिमा लगाने की मांग

**संताल एक्सप्रेस**

**चित्तरंजन।** स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और गरीबों के अधिवक्ता देशबंधु चित्तरंजन दास की 155वीं जयंती पर चित्तरंजन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए। लेकिन इस श्रद्धा के बीच एक गंभीर सवाल फिर गूंज उठा। जिस शहर का नाम ही देशबंधु के नाम पर रखा गया, वहां आज तक उनकी स्थायी प्रतिमा क्यों नहीं है सीआरएमसी और सामाजिक संगठनों ने अस्थायी वेदी सजाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर संगठन के नेता इंद्रजीत सिंह ने याद दिलाया कि 2011 में चिरेका कर्मचारियों ने चित्तरंजन पेट्रोल पंप के पास उनकी प्रतिमा स्थापित की थी, पर प्रशासन ने उसे हटवा दिया। विरोध करने वाले यूनियन प्रतिनिधियों को हिरासत में लिया गया, हालांकि बाद में अदालत ने सभी को सम्मानपूर्वक बरी किया। कार्यक्रम के दौरान इंद्रजीत सिंह ने कहा देशबंधु ने देश को जीवन दिया।



आज उसी शहर में उनकी स्मृति तक का स्थायी प्रतीक न हो, यह अत्यंत पीड़ादायक है। संस्थाओं और नागरिकों ने मांग रखी कि चिरेका प्रशासन चित्तरंजन में देशबंधु की भव्य प्रतिमा स्थापित करे तथा उनकी जयंती को स्थानीय सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी जाए। स्थानीय लोगों ने इसे सम्मान, इतिहास और शहर की आत्मपहचान से जुड़ा मुद्दा बताया।

## बिरसा मुंडा ने गोड्डा पब्लिक स्कूल को 70 रन से किया पराजित




**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित रितेश मेमोरियल स्कूल लीग में गाँधी मैदान में खेले गए मुकाबले में बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल ने गोड्डा पब्लिक स्कूल को 70 रन से पराजित किया। बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुमन मरांडी के शानदार 53 रन की मदद से 133 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में गोड्डा पब्लिक स्कूल सिर्फ 63 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुमन मरांडी को संघ के सचिव रंजन कुमार एवं राजीव भंडारी के द्वारा दिया गया। दूसरे मैच में गोड्डा क्रिकेट एकेडमी ने सेंट थॉमस स्कूल को 17 रन से पराजित किया।एकेडमी के सत्यम पंडित ने 35 रन की पारी खेलने के साथ 3 विकेट भी प्राप्त किया। सत्यम पंडित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संघ के संयोजक संजीव कुमार के द्वारा दिया गया। परसोती ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल ने बेथेल मिशन स्कूल को 101 रन से पराजित किया। ज्ञान स्थली के 204 रन के जवाब में बेथेल मिशन की टीम सिर्फ 103 रन पर ऑल आउट हो गई। ज्ञान स्थली के कप्तान आदित्य राज ने सर्वाधिक 63 रन की पारी खेली।आदित्य राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। दूसरे मैच में ज्ञान आलोक पब्लिक स्कूल ने स्पार्टन एकेडमी महागामा को 8 विकेट से पराजित किया। स्पार्टन के 109 रन के जवाब में ज्ञान आलोक पब्लिक स्कूल ने सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। ज्ञान आलोक की ओर से आनंद ने 52 एवं केशव ने 45 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आनंद कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका में दिव्यप्रकाश, सूरज, प्रभु, निकू तथा स्कोरर की भूमिका में राजन एवं तौसीफ मौजूद थे।

## विद्युत विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

**गोड्डा ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के समक्ष कार्यपालक अभियंता राकेश कुमार के द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि विद्युत विभाग अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, गोड्डा में आरडीएसएस योजना के तहत पुराने तार को बदलकर नया केबल लगाया जा रहा है। साथ ही लंबे फीडर को काटकर नया फीडर बनाए जा रहे हैं। ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर के बगल में अतिरिक्त नया ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं ताकि लोड को बांटा जा सके। उक्त योजना के तहत एक नया एग्रीकल्चर फीडर भी बनाया जा रहा है।साथ ही साथ एमयूजेवाई योजना के तहत 399 टोलों में जहां-जहां बस एवं खूंटे लगाएं गए हैं उसे हटाकर विद्युतीकरण कर नया पोल एवं ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव एवं टोला में अवस्थित घरों को विद्युत संबंध स्थापित करना है। इसके साथ गोड्डा जिला अंतर्गत वर्तमान में 30000 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है जिसके तहत अबतक 7500 हजार स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है।

## दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड के कड़ैया गांव में दो दिवसीय एन.एस. क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जामदेही पंचायत के मुखिया बलदेव कुमार सोरेन सहित अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुखिया बलदेव सोरेन, उपमुखिया सुनील महतो, तथा वार्ड सदस्य पूर्णेंदु मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन मैच में विपिन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 8 ओवर में 106 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 106 रन बना डाले, जिससे मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंच गया। सुपर ओवर में विपिन इलेवन ने रोमांचक जीत दर्ज की। पूरा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

**संताल एक्सप्रेस**

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राधा कृष्ण एवं सचिव पवन कुमार के निर्देश पर फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत संथाल मध्य और उच्च विद्यालय कैराबनी के छात्रावास हॉल में बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्राधिकार के पीएलभी सह अधिकार मित्र मुकेश के कुमार मंडल और साधन मंडल के द्वारा वर्ग में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित जागरूक करते हुए जानकारी दिया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कानूनी रूप से अपराध है एवं इस अधिनियम के तहत इसमें शामिल लोगों को सज़ा के साथ साथ जुर्माना का भी प्रावधान है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। लड़कियों की न्यूनतम विवाह उम्र 18 वर्ष एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष तय है। इससे पहले दोनों या



किसी एक का उम्र कम होने पर बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह के कई दुष्परिणाम भी है बाल विवाह से गर्भावस्था और प्रसव से जटिलताएं बढ़ती है। जिससे शिशु मृत्यु दर और प्रजनन स्वास्थ्य समस्याएं भी सामने आती हैं। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया गया कि बाल विवाह रोकथाम हेतु सामुहिक रूप से कोशिश करें। साथ ही नज़दीकी पुलिस थाना, बाल कल्याण समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा को इसकी सूचित करने संबंधी जानकारी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दिया गया और साथ ही साथ राज्य में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नालसा के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी साझा किया गया तथा विद्यार्थियो को नशा ना करने की सलाह दी और इससे होनेवाली दुष्प्रभाव और हानि के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक एवं छात्रावास इंचार्ज आदि उपस्थित रहे।

## बांग्ला भाषा आंदोलन के कवि अशोक मंडल नहीं रहें

**जामताड़ा।** साहित्य, समाज और भाषा आंदोलन की दुनिया में एक गहरा छाप छोड़ते हुए प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं बांग्ला भाषा के प्रखर समर्थक कवि अशोक कुमार मंडल का निधन 4 नवंबर की मध्य रात्रि को कटिहार मेडिकल कॉलेज (बिहार) में उपचार के दौरान हो गया। 67 वर्षीय कवि मंडल, झारखंड बंगाली समिति के कोषाध्यक्ष और विद्यासागर लिटिल मैगज़ीन एवं ग्रंथ मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में लगातार सक्रिय रहे। बांग्ला संस्कृति संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और वंचितों के उत्थान में उनकी भूमिका प्रेरणादायक मानी जाती थी। बुधवार सुबह बेवा पहुंचते ही उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर में त्रिवेणी संगम (बंगाल) में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में डॉ. डी.डी. भंडारी, डॉ. कांचन गोपाल मंडल, चंचल कुमार राय, नबारुण मलिक, अधिवक्ता राजू महता, सतिनाथ मंडल, अशोक तिवारी समेत कई गणमान्य शामिल हुए। सभी ने कहा– समाज ने एक सच्चा पथप्रदर्शक खो दिया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ी भीड़



**गोड्डा ।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के शिवालय सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा सहित अन्य नदियों के पवत्र जल में स्नान कर पूजन किए। पं. मृत्युंजय झा ने कार्तिक पूर्णिमा के महात्म्य पर प्रकाश डाला। कहा कि कार्तिक मास सभी मासों में श्रेष्ठ है। इस मास में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर मंदिर में दीये जलाने का बहुत आध्यात्मिक महत्व है। ऐसा करने वालों के शरीर में आध्यात्मिक एवं शारीरिक उर्जा संचय होता है। कार्तिम पूर्णिमा हमें देवों की उस दीपावली में शामिल होने का अवसर देती है जिसके प्रकाश से प्राणी के भीतर छिपी तामसिक वृत्तियों का नाश होता है। खासकर शिवालयों में अपेक्षाकृत अधिक भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं के पूजन का सिलसिला अहले सुबह से शुरू होकर देर शाम तक जारी रहा। जानकार बताते हैं कि सनातन समाज में कार्तिक मास में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का महत्व है। इस माह में अनेक साधक गंगा किनारे कल्पवास करते हैं। जिला मुख्यालय के रत्नेश्वर धाम शिवपुर, लोहिया नगर, शांतिनगर, नगर थाना, सिकटिया, कष्टहर नाथ, सिंहेश्वरनाथ, सिंहवाहिनी, योगिनी धाम, बोदरेश्वर नाथ धाम सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कार्तिम पूर्णिमा पर पूजन किया।

## लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा का असामयिक निधन

**नाला (जामताड़ा)।** नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा का निधन मंगलवार सुबह करीब 9 बजे टाटा नारायण अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई । बताया जाता है कि सूरज वर्मा हृदय रोग से ग्रसित थे उनका इलाज टाटा के नारायण अस्पताल में चल रहा था, कल सुबह मंगलवार को उनका निधन अस्पताल में हो गया वहीं बुधवार को उनका पार्थिव शरीर नाला पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा कर्मी पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन करने के लिए उनके आवास गोपालपुर पहुंचे। उनका पार्थिव शरीर नाला पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूरज वर्मा (47 )वर्ष 2008 में नाला अस्पताल में लेखा प्रबंधक के रूप में योगदान किया था ।

## कलश यात्रा के साथ महाविष्णु यज्ञ एवं रामकथा महोत्सव का शुभारंभ



**महागामा ।** प्रखंड अंतर्गत महुआरा गांव में बुधवार को श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ एवं रामकथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगल ध्वनियों, भजन-कीर्तन और शंखनाद के बीच श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लिए शोभायात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थल महुआरा से किया गया, जो पूरे गांव का परिक्रमा कर पुनः यज्ञ स्थल पर संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान 'जय श्रीराम' और 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं, वहीं युवाओं की टोली भजन-कीर्तन में मग्न रही।इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ कलश जल का पूजन किया गया। मुख्य कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध संत कथा प्रवचन करेंगे, जिनके श्रीमुख से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन दर्शन और धर्म की महत्ता पर प्रवचन होगा।

## बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति जागरूकता अभियान



**मेहरमा ।** प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धू कान्हु चौक के समीप थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भीख मांगने वाले बच्चों एवं विभिन्न स्थानों पर कार्यरत नाबालिग बच्चों के संबंध में आम जनता और बच्चों को बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। उक्त अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे बच्चों को भीख मांगने या काम पर लगाने के बजाय उन्हें शिक्षा के अवसर प्रदान करने में सहयोग करें। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति कानूनन अपराध है, और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में हुई बच्चे की मौत

**नाला (जामताड़ा)।** रविवार 2 नवंबर को आसानजुड़ी के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी तथा बच्चा घायल हो गए थे। इलाज के दौरान बच्चे की मौत नाला अस्पताल में हो गई थी। उक्त संदर्भ में नाला थाना में कुंडहित प्रखंड के सुलुंगा निवासी घायल दयामय मंडल के पिता भुटूक मंडल के द्वारा लिखित आवेदन पर नाला थाना में मामला दर्ज किया गया है।इस संबंध में नाला थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भुटूक मंडल के लिखित आवेदन के आधार पर उक्त दूर्घटना के दोषी अज्ञात चालक तथा नाला अस्पताल के चिकित्सक जिसके द्वारा विलंब में आने के कारण मृत्यू हो गई के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। बताया कि इस संबंध में कांड संख्या 57/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर गोड्डा में कल मनेगा जश्न

**गोड्डा ।** यह हमारे लिए हॉकी और उत्साह का पर्व होगा। गोड्डा में 7 नवम्बर को अपराह्न 2 से 5 बजे के बीच भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनने जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए हॉकी झारखंड के एसोसिएट ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं हॉकी गोड्डा के सेक्रेटरी सुरजीत झा ने बताया कि एक सदी पहले 7 नवम्बर 1925 को भारतीय हॉकी एफआईएच से संबद्ध हुई थी और उसके बाद जो हुआ वह केवल एक खेल का उदय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का जन्म था। तीन वर्षों के भीतर ही आया एम्स्टर्डम 1928 और उसके साथ आया ऐतिहासिक ओलंपिक स्वर्ण पदक जिसने भारत को हॉकी महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। आने वाले दशकों में तिरंगा विश्व मंच पर छा गया। भारत ने हॉकी इतिहास में सबसे अधिक 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक, एक रजत और चार कांस्य पदक जीतकर दुनिया को अपना लोहा मनवाया।यह एक शानदार यात्रा रही है – कभी चुनौतियों भरी, तो कभी अद्भुत वापसी वाली।

## न्याय आपके द्वार कार्यक्रम शिविर




**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बुधवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के कस्तूरी गांव के हरिजन टोला में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की ओर गठित टीम में पीएलवी शंकर चंद्र सेन व मोहम्मद हसीब ने नालसा के प्रोजेक्ट वात्सल्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ के सेवन से बच्चे पतन की ओर जाते हैं। नशा बच्चे के विकास में बाधक बनती हैं। बताया गया कि यह नशीले पदार्थ कैसे परिवार के सुख् एवं शांति को नष्ट कर देती है। प्रोजेक्ट वात्सल्य का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो बच्चे नशा का शिकार हो गए हैं। उसके लिए पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी गई। वहीं ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने की दिशा में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनी रूप से अपराध है।

## रास महोत्सव का आयोजन



**नाला (जामताड़ा)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को दलाबड़ काली मंदिर परिसर में ग्राम सोलोआना की ओर से यदुवंशीय समाज एवं युवा कमेटी द्वारा भव्य रास महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहित रविंद्र नाथ चक्रवर्ती (रवि ठाकुर) के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना से हुई। तत्पश्चात राधा-कृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना, यज्ञ, हवन, आरती एवं अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

## प्रकाश पर्व ने जगाई प्रेम, एकता और सेवा की लौ



**संताल एक्सप्रेस । मिहिजाम।** प्रथम सिख गुरु और विश्व मानवता के महान पथप्रदर्शक श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 556वां प्रकाश पर्व बुधवार को मिहिजाम स्थित गुरुद्वारा साहिब में अपार श्रद्धा, भक्ति और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। इसके उपरांत शब्द-कीर्तन की सुरमयी लहरों ने वातावरण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया। दीवान हॉल को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहाँ श्रद्धालु गुरु वचन में मग्न दिखे। कार्यक्रम में जामताड़ा पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, चिरेका आरपीएफ आईजी सत्यप्रकाश, थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ राय, उमेश झा, अरुण दास, शांति देवी, प्रो. कैलाश साव, प्रो. कृष्ण मोहन शाह, दानिश रहमान, परवेज़ रहमान, सलिल रमन, विष्णुदेव मुर्मू, अरुण यादव सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे और दरबार साहिब में मत्था टेककर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## दो दिवसीय संतमत सत्संग का नगर अधिवेशन आठ से

**गोड्डा ।** महर्षि मेंहीं ट्रस्ट की ओर से स्थानीय सदर प्रखंड मैदान पर आठ एवं नौ नवंबर को दो दिवसीय संतमत सत्संग का वार्षिक नगर अधिवेशन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश मंडल ने दी। उन्होंने बताया कि संतमत सत्संग अधिवेशन में कुप्पाघाट भागलपुर के गुरुचरण सेवी स्वामी प्रमोद जी महाराज एवं संतमत के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी सत्यप्रकाश जी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन की सफलता को लेकर तैयारी जोरों पर है। मंच, पंडाल, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य शिविर, बुक स्टोल, साधु निवास, भोजनालय, चंदा चिट्ठा आदि की व्यवस्था में ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य लगे हुए हैं। तैयारी में मंत्री रामजीवन मंडल, उपाध्यक्ष रामकुंड रामदास, जगदीश पंजियारा, अरविंद यादव, रामजी साह, श्रवण मांझी, अरुण पंडित आदि दिन-रात व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## मालिगोड़ा गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**बोआरीजोर ।** प्रखंड स्थित मालिगोड़ा गांव के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गांव में सड़क और पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोग लंबे समय से परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पेयजल के लिए एक सोलर टंकी बनाया गया है, लेकिन उसमें अब तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इसके अलावा, गांव तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। इस कारण कोई भी वाहन या एंबुलेंस पोखरिया, मालभिठा, गधगड़िया जैसे गांव तक नहीं पहुंच पाती। कई बार बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीणों को लगभग 8 किलोमीटर तक खाट पर लादकर पैदल चलना पड़ता है। गांव के प्रधान कोरंगा मैसा पहाड़िया, देवा पहाड़िया, अजीत पहाड़िया, धर्मा पहाड़िया, भैरो मैसा पहाड़िया और बाली पहाड़िया सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने संबंधित विभाग को कई बार इन समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता दीनबंधु मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर सड़क और पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार विकास की बात करती है, लेकिन मालिगोड़ा जैसे आज भी कई गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

## मोकामा~गैंगस्टर बनाम गैंगस्टर की लड़ाई

नरेंद्र मोदी बिहार में लालू-राबड़ी के जंगल राज की यादें ताजा करते हुए घूम रहे हैं, वहीं मोकामा में एनडीए के बैनरों पर उनकी तस्वीर एक अप्रत्याशित साथी के साथ दिखाई दे रही है।प्रधानमंत्री के चेहरे पर काले चश्मे के पीछे छिपा सख्त, मूंछों वाला चेहरा डॉन से राजनेता बने अनंत सिंह का है। वे पटना से 90 किलोमीटर पूर्व में स्थित उस निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार हैं, जहाँ हाल ही में एक प्रमुख प्रचारक और पूर्व गैंगस्टर की दुलारचंद यादव की नृशंस हत्या हुई है। काफी हो हंगामे के बाद अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। कारण महागठबंधन की ओर से बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग के साथ साथ सत्तारूढ़ दल को निशाने पर लिया। चुनाव आयोग और उसके निर्देश को अमल लानेवाले तंत्र पर सवाल उठना जरुरी है। कारण जब चुनाव के पूर्व प्रशासन लाइसेंसी हथियार जमा करवा देता है तो पचास गाड़ियों के काफिले के साथ हथियार लेकर चुनाव में कैसे घूम रहे थे।चार बार विधायक रहे अनंत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं। बिहार विधानसभा 2025 चुनाव से ठीक पहले मोकामा और अन्य क्षेत्रों में उठे कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर किरकिरी के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने स्पष्ट रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जो भी अपराध या उपद्रवी गतिविधियां होंगी, उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी।मोकामा हत्याकांड और अन्य मामलों में दर्ज विभिन्न कांडों के आधार पर अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार को इनमें जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की छापामारी और गिरफ्तारियां जारी रहेंगी। विनय कुमार ने कहा, जो घटना की प्रथम दृष्टया जानकारी मिली, उसी आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। चुनाव आयोग की तरफ से भी पूरी पैनी नजर रखी जा रही है। जो अधिकारी लापरवाह पाए गए हैं, उनके खिलाफ निलंबन और स्थानांतरण की कार्रवाई की गई है।चुनाव आयोग, राज्य सरकार और बिहार पुलिस किसी भी उपद्रवी तत्व को बख्शने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने कहा, जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जो भी कानून को हाथ में लेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। युवा भावावेश में आकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हों, वरना उनका भविष्य बर्बाद हो सकता है। विनय कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी शांतिपूर्ण और बुद्धि-विवेक के साथ मतदान करें। किसी भी तरह का हस्तक्षेप कानून के दायरे में आएगा और कार्रवाई की जाएगी। पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया।दो वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा पाए अपराधी को अपनी सजा पूरी करने के बाद अगले छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है।चार बार विधायक रहे अनंत का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं। पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया।मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है।।मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर शनिवार को जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है।मोकामा में अनंत के प्रचार कार्यालय में बैठे कन्हैया कुमार ने कहा, आप जैसे लोगों के लिए वह एक गैंगस्टर हो सकता है, लेकिन हमारे लिए वह हमारा रक्षक है।उन्होंने कहा, ''सूरजभान और उसके गिरोह द्वारा वर्षों तक फैलाई गई हिंसा के बाद उन्होंने यहां शांति सुनिश्चित की।''कुमार ने बताया कि 2000 के दशक के प्रारंभ में उन्होंने गिरोह हिंसा में अपने परिवार के तीन सदस्यों को खो दिया था। राजनीति और गैंगलैंड अर्थव्यवस्था दोनों में अनंत के लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी सूरजभान सिंह एक और डॉन से राजनेता बने हैं।

## बिहार में चौपालों में एक ही गूंज है, कौन थामेगा बिहार की सत्ता की कमान?

**कांतिलाल मांडोत**

हर राज्य में हार के बाद कांग्रेस और महागठबंधन को अब मान लेना चाहिए कि फिलहाल केंद्र हो या राज्य में राज करने का समय नही है।दुनिया भर में राष्ट्र वाद के उभार को देखते हुए यह वक्त अब रास्ट्रीय स्वयं सेवक के रथ पर बैठकर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी का है और नरेंद्र मोदी व अमित शाह उसके सारथी है।राष्ट्रवाद के इस दौर की उम्र भले ही वैश्विकवाद व उदारवाद से थोड़ी कम रहे पर 50 साल से तो कम नही है।क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल ने भी मंच से कहा है कि भाजपा 50 साल सत्ता से नही उतरेगी।निर्भर यह रहेगा कि इसके सारथी जिस तरह से विकास और भारत को बुलंदियों तक पहुंचा रहे है वैसे ही यह सिलसिला चलता रहेगा?जिस तरह से मोदी और भाजपा देश को समावेशी व कल्याणकारी बनाते आ रहे है।ऐसे में कांग्रेस के पास और महागठबंधन करने के लिए अब दो काम है।वह अपनी भूमिका को पहचाने और उसके लिए काम करे,और दूसरा राज्यो में अपने बचे हुए अस्तित्व को प्रभावी बनाने के लिए कुछ ठोस फैसला ले।क्योकि जिस इंदिरा गांधी की बात बिहार चुनाव में कर रहे है।उनका इतिहास शायद राहुल ने नही पढा है।क्योंकि हिन्दू और हिन्दुत्व की बात कर लीपापोती करने वाले राहुल जैसा ही उनके पूर्वजो ने किया है।

तुष्टिकरण की इस राजनीति ने राहुल और कांग्रेस को धराशायी कर दिया है।अनपढ़ और निरक्षर मतदाता अब नही है।मोबाइल और इंटरनेट से जुड़े इस भारतीय समाज के लिए मुश्किल डगर नही है।शिक्षित समाज को राहुल गुमराह नही कर सकता है।बिहार चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प, अडानी और अम्बानी पर मोदी को निशाना बनाने वाले राहुल गांधी को यह आभास नही है कि विदेश नीति पर क्या बोलना चाहिए और क्या नही बोलना चाहिए।क्योंकि भारतीय विदेश नीति वर्तमान में सबसे अच्छी है।विदेश मंत्री एस जयशंकर की नीतियां आज दुनिया के सभी देशों को भा गई है।राजनीति और व्यवहारिक ज्ञान नही होने से देश चलाने में मुश्किले आती है।भारत को बुलंदियों पर पहुंचाने वाले नेताओं को हर बात की समझ है।नालन्दा विश्वविद्यालय की बात करने वाले राहुल को ज्ञात होना चाहिए कि इस धरोहर के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।भाजपा का शासन दस वर्ष से आया है।लेकिन 60 सालों तक कांग्रेस की सत्ता रही है।अतिपिछड़ों की हालत कांग्रेस की देन है।अब महागठबंधन वोट लेने के लिए दलित,आदिवासी और यादव की शरण मे गए है।इनकी दुर्दशा महागठबंधन ने ही की है।बिहार में मेनिफेस्टो बताकर मतदाताओ का मिजाज भांपने निकली राजनैतिक पार्टियां अब विकाशील दल के साथ जाने का पूरा मन बना लिया है।बिहार अब वो बिहार नही रहा है जहां लालू की धोस से जनता मजबूर थी।बिहार ने अनन्तसिंह की गिरफ्तारी से सियासत गरमा गई है।मोदी ने आरा में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने ठान लिया है कि अब फिर से एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है।बिहार विधानसभा में धनबल और बाहुबल का खुलेआम प्रदर्शन किया जा रहा है।बाहुबलियों की सम्पति करोड़ो में है।वे चुनाव मैदान में है।मुंगेर के लिए प्रचार प्रसार करने पहुंचे नेताओ और जनता के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए चर्चा की जा रही है।

स्थानीय लोगो के मुद्दे भी हावी है।बिहार में प्रियंका और तेजस्वी अपराध की बात करते सुनाई दिए है।जिस पार्टियो ने देश की आजादी के बाद लोगो की विरासत में कट्टा, क्रूरता और कुशासन ही दिया है।उनके मुह से यह बात शोभा नही देती है।कांग्रेस की अराजकता पूरा देश जानता है।जंगलराज वाले नीतीश सरकार पर जंगलराज का आरोप लगा रहे है।यह तो वही हुआ कि चोर कोतवाल को डण्डे।महिला सुरक्षा की बात दोहराई जा रही है।लेकिन एनडीए की पहली प्राथमिकता रही है कि महिलाओ और बेटियों की सुरक्षा सबसे पहले अमल में रखी जाती है।

यह समय महागठबंधन के लिए हताशा का है।क्योंकि कांग्रेस कई सालों से सत्ता से बाहर है और उसकी हड्डियो में भर गए आलस को दूर कर अपने को नए जोश और सोच भरने का कार्य करना चाहिए।कुदरत ने उसे नए रूपांतरण का समय दिया है।आजादी से पहले से ही नेहरू परिवार की प्रधानता रही और आजादी के बाद तो खुद कांग्रेसी ही उस परिवार के बिना अपने अस्तित्व की कल्पना नही कर सके।नेहरू गांधी परिवार इस देश पर कब्जा जमाना रखना चाहता है।कांग्रेस के दिग्गज नेता अपने बल पर खड़े हो पार्टी को आगे ले जाने की हिमत ही नही रखते।क्योकि कांग्रेस खोई हुई राजनीति को वापस प्राप्त करने की कोशिश कर रही है।लेकिन जिस तरह सेक्युलवाद की आड़ में देश के साथ जो व्यवहार किया गया था अब वह शिक्षित समाज के लिए किसी घुसपैठ से कम नही है।

कांग्रेस के नेता राज परिवार को बाहर लाए थे और आज वे उसी युवराज की राजनैतिक अपरिपक्वता से चुभन महसूस कर रहे है।राहुल किस समय क्या बोल देते है।उसी का कारण है कि कांग्रेस हाशिये में चली जाती है।राहुल कहते है कि मैं इतना आरोप लगा रहा हूं लेकिन मोदी मेरे आरोपो का जवाब क्यों नही देते है?यह राहुल और कांग्रेस को समझना चाहिए?क्योंकि बिना जवाब दिए ही कांग्रेस का पतन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।जिस मुद्दे के लिए कांग्रेस को लड़ना चाहिए, उस मुद्दे को छोड़कर सीधा हमला मोदी पर ही किया जा रहा है।इसलिए कांग्रेस के लिए ठीक नही है।महागठबंधन की परीक्षा की घड़ी है।आर्थिक और सामाजिक स्तर पर मोदी ने कई फैसले लिए है।और मोदी आगे बढ़ा रहे है।मोदी और भाजपा का एक ही सपना है कि देश दुनिया की महासत्ता बने,लेकिन महागठबंधन के पास देश को समृद्धिशाली बनाने का विजन नही है।रास्ट्रीय पार्टी को तीसरे टर्म तक सफलता पूर्वक सता में बनाए रख पाना राजनीतिक व कूटनीति समझ के बिना संभव नही है।दुनिया मे भारत की विदेश नीति एक महत्वपूर्ण स्तर तक पहुंच गई है।वही कांग्रेस विदेशो में लोकतंत्र और मोदी की बुराई करके वाहवाही लूटने के असफल प्रयास करते है।मोदी और संविधान पर निशाना साधने वाले नेता भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयास कर सकते है?आज कांग्रेस के पास जनाधार रखने वाले नेताओं की पार्टी में कमी महसूस की जा रही है।शायद राहुल गांधी की सक्रिय राजनीति में कोई रुचि नही दिखती है।अगर

रुचि होती तो मुद्दे पर सियासत करने की जगह सीधा मोदी पर जूठा आरोप लगाकर करोड़ो लोगो की आस्था पर कुठाराघात कर रहे है।राहुल अपनी जिम्मेदारी समझे?पार्टी में दूरदर्शिता,तुरन्त फैसले लेने की क्षमता, साहस व लोगो को अपने साथ जोड़ने मि क्षमता रखने वाले नेताओं की कांग्रेस में कमी है।भारतीय राजनीति के इतिहास में अब तक सबसे ताकतवर नेता मोदी है जिनकी पटकनी कुटिल राजनीति के जानकार भी नही दे सकते है।मोदी को देवतुल्य मानने वालों की कमी नही है।कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजयसिंह दिग्गी ने जीता हुआ गोवा भी भाजपा ने छींन कर अपनी झोली में डाल दिया।कांग्रेस के बड़े दिग्गज नेता आज या तो भाजपा में है या राजनैतिक सन्यासी बन गए है।कांग्रेस की नीतियों को आज कोई समर्थन नही करता है।तुष्टिकरण की रेस में कांग्रेस फिस्सडी साबित हुई है।भाजपा के घाघ नेता मोदी और अमित

शाह की जोड़ी की चालो के सामने नाकाम हो रहे है।कांग्रेस के सामने चुनौतियो को देखते हुए फिर से मंथन करने की जरूरत है।धीरे धीरे गांधी परिवार कांग्रेस को पीछे ले जा रहा है।शायद कांग्रेस के लिए अब राह आसान नही है।राहुल जिस तरह से मोदी पर अनर्गल बयानबाजी करते नजर आ रहे है।वही पर कांग्रेस की बैचेनी बढ़ती जा रही है।

## विश्व विजय बनी महिला क्रिकेट टीम, लेकिन पुरुषों जैसी समानता अभी बाकी

**बी. डेविड**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल खेल के मैदान में, बल्कि सामाजिक बदलाव की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई है। इस जीत ने भारतीय महिला खिलाड़ियों को नई पहचान दी है, जिससे अब उनसे उम्मीदें और जिम्मेदारियां दोनों बढ़ गई हैं। पिछले दो दशकों में महिला क्रिकेट ने लंबा सफर तय किया है, लेकिन अब भी पुरुष क्रिकेटरों की तुलना में कई क्षेत्रों में असमानता बनी हुई है। अतीत में महिला क्रिकेटरों की स्थिति बेहद कठिन थी। 1980 के दशक तक खिलाड़ियों को मैच फीस नहीं मिलती थी। वे रेलवे में कन्सेशन टिकट पर यात्रा करती थीं, साधारण हाल में ठहराई जाती थीं और मिलने वाले किट्स की गुणवत्ता भी बहुत कम होती थी। उस समय महिला क्रिकेट को ÷वूमन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया÷ चलाती थी, लेकिन 2006 में इसका विलय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में हुआ। इसके बाद महिला क्रिकेट में सुधार की शुरुआत हुई और आज यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है।

बीसीसीआई ने अक्टूबर 2022 में ऐतिहासिक निर्णय लिया कि अब महिला और पुरुष खिलाड़ियों को समान मैच फीस दी जाएगी। यानी टेस्ट मैच के लिए 15 लाख, वनडे के लिए 6 लाख और टी-20 के लिए 3 लाख का भुगतान दोनों को समान रूप से मिलता है। हालांकि, सालाना कॉन्ट्रैक्ट राशि में अभी भी बड़ा अंतर है। पुरुष क्रिकेटरों को ए प्लस, ए, बी और सी ग्रेड में क्रमशः 7 करोड़, 5 करोड़, 3 करोड़ और 1 करोड़ सालाना मिलते हैं, जबकि महिला खिलाड़ियों के तीन ग्रेड ए, बी और सी में क्रमशः 50 लाख, 30 लाख और 10 लाख की राशि तय है। घरेलू क्रिकेट में भी समान स्ट्रक्चर लागू किया गया है, पर राज्य संघों में अब भी थोड़े अंतर देखे जाते हैं। आईपीएल में जहां पुरुष खिलाड़ियों की सैलरी करोड़ों में होती है, वहीं महिला क्रिकेटरों की वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आय 10 लाख से 3.4 करोड़ तक सीमित है। यह अंतर अभी भी खेल के आर्थिक पहलू में असमानता को दर्शाता है।

सुविधाओं के मामले में भी पुरुष खिलाड़ियों को बढ़त हासिल है। उन्हें बेहतर नेट्स, अत्याधुनिक ट्रेनिंग, रिहैब सेंटर और विशेषज्ञ फिजियो की सेवाएं नियमित रूप से मिलती हैं। महिला खिलाड़ियों के लिए सपोर्ट स्टाफ की संख्या अभी भी सीमित है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में सुधार जरूर हुआ है अब महिला टीम को बिजनेस क्लास में यात्रा और फाइव स्टार होटलों में ठहरने की सुविधा मिलने लगी है, जो पहले केवल पुरुष टीम तक सीमित थी। चिकित्सा और रिकवरी सुविधाओं में भी पुरुष क्रिकेटर आगे हैं। बड़े टूर्नामेंटों में महिला खिलाड़ियों को समान सुविधा मिल जाती है, लेकिन नियमित रूप से यह स्तर हासिल नहीं हुआ है। वहीं, मानसिक स्वास्थ्य समर्थन में भी असमानता दिखती है। पुरुष खिलाड़ियों के पास मेंटल कोच और काउंसलर स्थायी रूप से उपलब्ध हैं, जबकि महिला टीम के लिए यह सुविधा अभी शुरुआती स्तर पर है।

ब्रांड वैल्यू और स्पॉन्सरशिप के मामले में भी पुरुष खिलाड़ियों का दबदबा कायम है। बीसीसीआई के मीडिया राइट्स और व्यक्तिगत एंडोर्समेंट डील्स में पुरुष खिलाड़ियों की हिस्सेदारी कहीं अधिक है। महिला खिलाड़ियों के पास अब तक सीमित अवसर रहे हैं, हालांकि डब्ल्यूपीएल की शुरुआत और वर्ल्ड कप जीत के बाद यह परिदृश्य धीरे-धीरे बदल सकता है। फंडिंग के स्तर पर असमानता अब भी बनी हुई है। 2023-24 में बीसीसीआई का कुल बजट लगभग 12,000 करोड़ था, जिसमें महिला क्रिकेट के विकास पर खर्च 1 प्रतिशत से भी कम रहा। यह अंतर स्पष्ट करता है कि महिला क्रिकेट को और अधिक संस्थागत सहयोग की आवश्यकता है।

भारतीय महिला टीम की यह जीत सिर्फ एक टूर्नामेंट की सफलता नहीं, बल्कि बदलाव की एक मजबूत दस्तक है। इसने दिखा दिया है कि अगर समान अवसर और संसाधन मिलें, तो भारतीय महिला खिलाड़ी भी विश्व क्रिकेट में किसी से कम नहीं हैं। अब समय आ गया है कि यह जीत न केवल ट्रॉफी बल्कि समानता की दिशा में ठोस नीतिगत बदलाव की भी प्रेरणा बने।

**पाकुड़ की खबरें**

## डीसी ने गोवर्धन योजना एवं पाकुड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना का किया स्थल निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़।डीसी मनीष कुमार ने सराईढेला ग्राम स्थित गोवर्धन योजना एवं पाकुड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजनाओं के विभिन्न अवयवों की विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में डीसी ने कहा कि गोवर्धन योजना के अंतर्गत निर्मित गोबर गैस प्लांट ग्रामीण आजीविका एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने योजनाओं की बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देश दिए। योजना से संबंधित विस्तृत शिलापट्ट का अधिष्ठापन किया जाए ताकि ग्रामीणों को योजना की सम्पूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके।सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे योजना की निरंतर निगरानी की जा सके। योजना स्थल पर जलापूर्ति के लिए बोरिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। निरंतर बिजली आपूर्ति हेतु विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए ताकि प्लांट का संचालन निर्बाध रूप से हो सके। योजना से लाभान्वित सभी 80 घरों में गैस स्टोव की आपूर्ति कर रसोई गैस का सफल उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कहा कि गोवर्धन योजना ग्रामीण स्वच्छता एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने ॠह्यद्धद्बह्लह्य विभागीय पदाधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका खोबोर**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद होतेते लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव लागित् ई-ठिका नेवतायेत् कानाः- क्र.सं.: 1 **ई-ठिका सं.:** 05-GSU-DHN-2025-26, **कामी रेयाक् ञुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** धनबाद मंडल तारी रे मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल तारी रे 05 गोटेच् जायगाको (भुरकुंडा, मैकलुस्कीगंज, गढ़वा रोड, चोपन आर हजारीबाग रोड) रे शंटिंग नेक बेबोसताय रेयाक् कामी। **कामी रेयाक् सोमोयः 12 (गेलबार) चान्दो, कामी रेयाक् मोट पूंजी (रु. रे): 5,93,18,779.51, बायना पायसा (रु. रे): बायना पायसा (टाका रे) http://www.ireps.gov.in** पोर्टल दाराय ते उदुक् आकात् पायसा लेका लागू, ठिका बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः **ई-ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक 26.11.2025** हिलोक् 15.00 बजे हाबिच्। वेबसाइट रेयाक् बानाडायः **http://www.ireps.gov.in** ई-ठिका तारी रे मैनुअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ। नोटः ;(i) नामडाक ठिकादारको नोआ सोलहा एमावाको काना जे नोआ ई-ठिका ओडोङकान रेयाक् जाहां लेकानाक् फेरबोदोल आर सुधार साकाम सेच् धियान एमावाक् लागित् दो ठिका बोंदोक् रेयाक् मुचात् तारीक खोन कोम से कोम गेलमोंड़ें दिन लाहावेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** जेलपे।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/1246/डीएचएनजीएस/जीएस/टी/25-26/40**


## जरूरतमंदों के चेहरे पर बिखेरी गर्माहट

दुमका~ कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर दुमका की समाजसेविका और दुधानी पंचायत समिति सदस्य कंचन शर्मा ने जरूरतमंदों के बीच बुधवार को कंबल वितरित कर समाजसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर बुजुर्ग, असहाय महिलाएँ, बच्चे और बेघर लोग कंबल प्राप्त कर ठंड से सुरक्षा पा सके।कंचन शर्मा और उनके सहयोगियों ने इस पहल के माध्यम से सर्दियों में ठंड से पीड़ित लोगों को राहत दी। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर दान-पुण्य का विशेष महत्व है और इस दिन जरूरतमंदों को कंबल या अन्य वस्तुएँ दान करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है।इस अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया।

## श्रद्धा भक्ति के साथ गुरु नानक देव जी की मनाई गइं जयंती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। बुधवार को सिक्ख साद संगत गुरुद्वारा और सिंधी समाज की गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी 556वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसे गुरु नानक जयंती, गुरु पर्व और गुरु नानक प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इसे बड़ा ही आस्था श्रद्धा और भक्ति के साथ सिक्ख समाज के प्रथम धर्मगुरु गुरु नानक देव जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। गुरु नानक देव जी मानवता के महान उपदेशक थे ।

गुरु पर्व के अवसर पर पाकुड़ के सभी गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति भाव के साथ देखी गई। गुरुद्वारा में अखंड पाठ व मनमोहक कीर्तन का आयोजन किया गया। अरदास पाठ की समाप्ति के पश्चात लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। पाकुड़ के अलावे दूर-दराज़ से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर गुरुद्वारा में बच्चे बुजुर्ग बड़े सभी ने आतिशबाजी कर गुरु पर्व की खुशियों में मनाई । समाज के लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब पाठ श्रद्धा और विश्वास के साथ सुना और लंगर सेवा में हिस्सा लेकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों का याद किया।गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 को रायभोई दी तलवंडी (वर्तमान ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन से मानवता को यह संदेश दिया कि ईश्वर एक है, मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है और सेवा ही सच्ची उपासना। का विरोध किया तथा समानता और प्रेम का संदेश दिया। अपने साथी भाई मरदाना के साथ उन्होंने चार उदासियां (धार्मिक यात्राएं) कीं और पूरे विश्व में सत्य, प्रेम, शांति और एकता का संदेश फैलाया। गुरु नानक देव जी की वाणी ÷एक ओंकार सतनाम÷ आज भी हर दिल में गूंजती है ।

## मदिरा की बिक्री पूर्णतः संशोधित एमआरपी लागू है, अनियमितता पर करे शिकायत

पाकुड़। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद (मदिरा की बिक्री हेतु खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2025 को अधिसूचित किया गया है, जो 01 सितम्बर 2025 से प्रभावी है। नई नियमावली के तहत भारत निर्मित विदेशी मदिरा, बीयर, देशी मदिरा तथा भारत में आयातित विदेशी मदिरा के ब्रांडों के खुदरा बिक्री मूल्य में संशोधन किया गया है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न ब्रांडों के अद्यतन खुदरा मूल्य विभाग की वेबसाइट — https://e&cise.jharkhand.gov.in/E&cise https://e&cise.jharkhand.gov.in/jsbcl पर उपलब्ध है। दुकानों के परिसर में भी प्रदर्शित की गई है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि कुछ ब्रांड में पुराने प्रिंट की बोतलें दुकानों पर उपलब्ध हैं, परंतु इनकी बिक्री 01 सितम्बर 2025 से निर्धारित नए खुदरा मूल्य पर की जा रही है। सोशल मीडिया माध्यमों से प्राप्त शिकायतों में दी गई जानकारी भ्रामक एवं गलत है। स्पष्ट किया गया है कि 01 सितम्बर 2025 से पूरे राज्य में सभी उत्पाद दुकानों पर मदिरा की बिक्री केवल संशोधित एमआरपी के अनुसार ही की जा रही है। यदि कोई अनियमितता होती है, तो वे सीधे उत्पाद अधीक्षक, पाकुड़ से 9934235753 शिकायत करें। तत्परता से कार्रवाई की जाएगी।

## रफ्तार घटाओ सुरक्षा बड़ा अभियान के तहत बीएलओ व आम लोगों को दी गई जानकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



आमडापाडा (पाकुड़)। जिला परिवहन विभाग के द्वारा झारखंड सरकार के आदेशानुसार पूरे झारखंड में चलाये जा रहे रफ्तार चटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ में कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में उपस्थित सभी वीएलओ कर्मियों और आम लोगों को सरकार द्वारा चलावे जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने को लेकर पंपलेट के माध्यम से जागरुक करते हुए अनुरोध किया

गया। हेलमेट का उपयोग दो पहिया वाहन चलाते जरूर करें, ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं, वाहन का इंश्योरेंस दुरुस्त रखें, वाहन का नंबर प्लेट लगाये, तेज गति से गाड़ी ना चलाएं, किसी भी मादक पदार्थ का सेवन न करें, समेरिटर्न, हिट एंड रन के तहत मिलने वाली सरकारी मुआवजा की राशि प्राप्त करने और जरूरी दस्तावेज किसी भी परिस्थिति में ओवरटेक न करें, किसी भी वाहन के ऊपर बैठकर यात्रा न करें, दंड की राशि जैसे बहुत ऐसे महत्वपूर्ण बातो एवं रोड सेफ्टी के सभी जरूरी नियमो के बारे में विस्तार से बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग कुल 50-100 आम जनमानस और कर्मियों ने भाग लिया जागरूकता कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, अमित कुमार राम और अन्य कर्मी

## भाजपा ने किया पाकुड़ विधानसभा सम्मेलन का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता




पाकुड़। भाजपा द्वारा अपर्णा मार्केट कॉम्प्लेक्स में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पाकुड़ विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा एवं प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्मनिर्भरता की ओर लेकर बढ़ रहे हैं । जिसमें भारतीय पर्यटन स्थलों की यात्रा और वोकल फॉर लोकल पहल के तहत देशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। किसान, युवा, उद्यमी, छोटे उद्योग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग तेजी से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। केंद्र सरकार पीएम मुद्रा योजना , स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और किसान सम्मान निधि के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने लगातार प्रयास कर रहे हैं।प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा है आत्मनिर्भर भारत का मतलब है कि देश अपने पैरों पर खड़ा हो। यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि एक वादा है। देश के किसान, नौजवान, छोटे व्यापारी और गरीब लोग भी खुद पर निर्भर हो रहे हैं। कार्यक्रम में मंच जिला महामंत्री रूपेश भगत , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुगृहित प्रसाद साह, कमल कृष्ण भगत , पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह , महिला जिला अध्यक्ष सबरी पाल , बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद , दादपुर मंडल अध्यक्ष सुशांत घोष , अल्पसंख्यक पूर्व जिला अध्यक्ष सादिकुल आलम , पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज साहा,अध्यक्ष रतन भगत , अजीत रविदास पवन भगत , सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लाकर लगा रात्रि कैंप



संताल एक्सप्रेस संवाददाता लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) ।लिट्टीपाड़ा प्रखंड के ग्राम फूलपहाड़ी में मंगलवार की रात को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम मुखिया के हाथों किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश बेसरा एवं पीरामल संस्था के जिला प्रतिनिधि प्रभाष रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर पिरामल संस्था से आए जिला प्रतिनिधि प्रभाष रंजन ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को फाइलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी रात में सक्रिय होते हैं, इसलिए रोग की पहचान के लिए रात के समय रक्त सैंपल लेकर जांच की जाती है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और जांच अवश्य करवाएं।कार्यक्रम के दौरान एमटीएस बिक्की रजक एवं केटीएस सिमोन मालतो की टीम ने रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों को फाइलेरिया से संबंधित लघु फिल्म भी दिखाई, ताकि लोग इस बीमारी को समझ सकें और समय पर इसका उपचार करा सकें।गांव के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग और पिरामल टीम को धन्यवाद दिया।

# गुरुनानक देव जी के दिखाए रास्ते पर चलकर ही सशक्त समाज के निर्माण की परिकल्पना होगी साकार : हेमंत

- गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित प्रकाश उत्सव में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री एवं कल्पना सोरेन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को पीपी कंपाउंड, रांची स्थित गुरुनानक स्कूल पहुंचकर गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित 556वें प्रकाश उत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त सिख समुदाय एवं राज्यवासियों को गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ दिन है। गुरुनानक जयंती का दिन समस्त सिख समाज के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं स्वयं हर वर्ष इस दिन थोड़ी देर के लिए यहां आता हूं। गुरुनानक देव जी की दूरदर्शी सोच, उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते और उनके आर्दशों पर चलकर ही सशक्त समाज के निर्माण की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुनानक देव जी के विचार, कर्म और समर्पण से हमें यह सीख मिलती है कि हम सबों का सदैव एक-दूसरे का हाथ थाम कर एकसूत्र में बंधकर आगे बढ़ते रहना ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आज के इस प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से सिख समाज के लोग यहां पहुंच रहे हैं।

## चीफ जस्टिस गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हुए शामिल



बुधवार को बड़े धूमधाम से गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पूरे झारखंड से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और गुरु नानक देव जी के उपदेशों को सुनकर भाव-विभोर हो उठे।कार्यक्रम में झारखंड के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान भी पहुंचे।

## अघनुआ जंगल में पंचायत समिति सदस्य पति पर फायरिंग, गोली लगने से घायल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के अघनुआ जंगल के पास बुधवार सुबह दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने पंचायत समिति सदस्य के पति पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली लगने से झालर गांव निवासी 25 वर्षीय विक्की राउत घायल हो गया। उसके दाहिने कान में गोली लगी है। घटना सुबह करीब सात बजे की है। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से मोहनपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एम्स देवघर रेफर कर दिया गया है। विक्की राउत ने बताया कि वह अघनुआ गांव स्थित सुधीर यादव की सीमेंट दुकान पर सामान लेने जा रहा था। उसी दौरान जंगल के पास दो बाइक पर सवार अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली उसके कान में लगी। उसने मोबाइल फेंककर पास के एक महिला के घर में छिपकर जान बचाई।फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण जुटे तो अपराधी भाग निकले।

# पति-पत्नी के बीच विवाद में खून से सनी मोहब्बत की कहानी, दोनों की मौत

- देवघर के सिंघवा मोहल्ले में किराये के मकान में हुई दिल दहला देने वाली घटना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा मोहल्ले में गुरुवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक किराये के मकान से पति-पत्नी के बीच हुए खूनी विवाद की खबर आई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आपसी झगड़े में दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि कुमार शर्मा मूल निवासी सिवान, बिहार और उसकी पत्नी लवली शर्मा साकिन कालीरखा, थाना नगर, देवघर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दंपती तीन दिन पूर्व ही सिंघवा मोहल्ले में किराये पर मकान लेकर रहने आए थे। परिजनों ने बताया कि रवि और लवली का विवाह नवंबर 2024 में एक ऑनलाइन साइट के माध्यम से हुआ था। विवाह के कुछ ही दिनों बाद से दोनों के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती थी। पारिवारिक कलह का सिलसिला बढ़ता गया, जो आखिरकार गुरुवार को इस दर्दनाक अंजाम तक पहुंच गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हर पहलू से घटना की तहकीकात की जा रही है।

# देवघर में विषपान से महिला की मौत, ससुराल पर हत्या का आरोप



संताल एक्सप्रेस देवघर

**रिखिया :** थाना क्षेत्र के लकड़ीगंज की 22 वर्षीय जानकी देवी, जो अपने पति अजय महथा के साथ रहती थीं, मंगलवार को गंभीर रूप से बीमार हो गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, मृतका की मां आरती देवी, जो गिधनी थाना क्षेत्र की निवासी हैं, ने बताया कि उनकी बेटी की सास ने मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे फोन कर सूचित किया कि जानकी बेहोश हो गई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। बाजार में थीं तो दौड़कर सदर अस्पताल पहुंचीं, जहाँ देखा कि उनकी बेटी की हालत गंभीर थी। मां ने बताया कि बेटी के पति ने उसे फोटो दिखाकर धमकाया कि वह दूसरी लड़की से शादी करेगा और कुछ गलत फोटो भी दिखाए। इसके बाद पति ने जानकी को जहर दिया और कहा कि इसे खाकर मर जाओ, हम दूसरी शादी कर लेंगे। आरती देवी का आरोप है कि उनके दामाद के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध थे और ससुराल के लोगों ने मिलकर बेटी को जहर दिया। जानकी देवी की दो बच्चों एक बेटे और एक बेटी के साथ है। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल से रेफर कर कुंडा स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया, जहाँ देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## राम मंदिर रोड में श्रीराम संकीर्तन मंडली का भव्य समापन, 24 घंटे का कीर्तन-भजन आरंभ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** राम मंदिर रोड स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में बुधवार की प्रातः श्री श्री 108 राम संकीर्तन मंडली का समापन भव्यता के साथ किया गया। 1964 में स्थापित यह मंडली प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर बाबा मंदिर होते हुए पूरे शहर की परिक्रमा कर पुनः ठाकुरबाड़ी पहुंची, जहां समापन के उपरांत 24 घंटे के अखंड कीर्तन-भजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के साथ ही कुमारी कन्या पूजन का आयोजन भी किया जा रहा है। पूरे मोहल्ले में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भजन-कीर्तन में भाग ले रहे हैं। नगर निगम की ओर से परिसर में सफाई एवं चुना छिड़काव का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। माधोपुर से आई कीर्तन मंडली भी इस अवसर पर शामिल हुई है, जो 24 घंटे निरंतर भजन प्रस्तुत करेगी। बीते एक माह से मंडली प्रतिदिन प्रातः तीन बजे से कीर्तन यात्रा निकाल रही थी। इस वर्ष के आयोजन में उमेश गुप्ता, टिंकू केसरी, प्रदीप केसरी, दिलीप गुप्ता, डीडी हरदेव रावत, लल्लू गुप्ता, अनिल गुप्ता, दिलीप शाह, सरलू रावत, अशोक रावत, नूनू केसरी, प्रदीप गुप्ता, कुंदन वर्मा, बंटी रावत, कन्हैया गुप्ता, विनोद केसरी, चंदन केसरी, शंभू केसरी, अमन वर्मा, जितेंद्र चौधरी, विकास राव, प्रमोद शर्मा, राजीव चौधरी, अनुराग बत्रा और राजकुमार गुप्ता की सक्रिय भूमिका रही।

# मधुपुर में अपराध का बढ़ता ग्राफ, पुलिस गश्ती पर उठे सवाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**मधुपुर :** शहर और इसके आसपास के इलाकों में हालिया आपराधिक घटनाओं ने निवासियों और व्यापारियों को हिलाकर रख दिया है। हालांकि, पुलिस ने पिछली कुछ बड़ी वारदातों में सफलता हासिल की है, लेकिन नई घटनाओं का सिलसिला जारी रहना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। शहर के राजबाड़ी रोड स्थित एचडीएफसी बैंक में पिछले महीने हुई करोड़ों की दिनदहाड़े डकैती के मामले में देवघर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देवघर के एसपी सौरभ ने स्वयं प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस अंतर-राज्यीय डकैती कांड के सफल उद्भेदन की घोषणा की। एसपी के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार और लूटी गई नकद राशि का कुछ हिस्सा भी बरामद किया है। इस सफलता के लिए संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। थाना क्षेत्र के मिसरना गाँव में हुई डकैती के मामले में भी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पाँच डकैतों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से अवैध हथियार व नकदी बरामद की थी। उसके बाद कुंडु बंग्ला रोड स्थित श्याम मंदिर में पूजा करने गई शहर के प्रसिद्ध टाइल्स एवं ग्रेनाइट शोरूम व्यवसायी प्रदीप कुमार मोदी की पत्नी अंजू मोदी को दो शातिर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया और दस लाख के आभूषण लेकर रफू चक्कर हो गए।

**नई आपराधिक वारदातों का सिलसिला चिंता का विषय:** एचडीएफसी व मिसरना डकैती कांड का खुलासा होने के बावजूद, शहर में छोटी और बड़ी आपराधिक घटनाएं थम नहीं रही हैं। बीती रात राजबाड़ी रोड स्थित न्यू फिलिंग मोबाइल दुकान में वेंटिलेटर काटकर उचक्कों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। संचालक रोशन कुमार ने करीब ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।बतादें कि मधुपुर में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं, आये दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं । पुलिस इस मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हाल ही मे पुलिस ने पटवाबद इलाके से देसी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी और उपयोग पर चिंता बढ़ाता है।

**जनमानस में आक्रोश और पुलिस से अपेक्षा:** एक ओर, एचडीएफसी व मिसरना कांड का खुलासा पुलिस की क्षमता को दशार्ता है, वहीं दूसरी ओर, आए दिन हो रही चोरी और सेंधमारी की घटनाएं पुलिस की रात्रि गश्ती पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय व्यापारी और आम जनता पुलिस से मांग कर रहे हैं कि वे केवल बड़े मामलों पर ही नहीं, बल्कि सघन गश्त के माध्यम से छोटी आपराधिक वारदातों पर भी अंकुश लगाकर शहर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बहाल करें।

## न्यूज ब्रीफ

### देवघर में न्याय की ऐतिहासिक जीत आदर्श लक्ष्य तीन मामलों से बरी



**देवघर।** नगर निगम वार्ड 18 के रिखिया हाई, मोहनपुर बाजार, घोरमारा और चंदना सोनारायठाडी मोड़ पर आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य का जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। आदर्श लक्ष्य ने बताया कि कुंडा थाना क्षेत्र में 2 मार्च 2025 को बाइक चेकिंग के दौरान एक महिला की गिरने से हुई मौत के बाद स्थानीय जनता ने मुख्य मार्ग जाम कर आक्रोश व्यक्त किया था। इस मामले में आदर्श लक्ष्य सहित कुछ लोगों के खिलाफ कांड संख्या 58/25, 59/25 और 60/25 दर्ज की गई थी। उन्हें गिरफ्तार कर देवघर जिला कारागार भेजा गया था, बाद में जमानत मिलने पर वे रिहा हुए। आदर्श लक्ष्य ने अपनी निर्दोषता और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रांची उच्च न्यायालय में अपील दायर की। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की पीठ ने सुनवाई के बाद पाया कि आरोपों को साबित करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। इसी आधार पर तीनों मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया। उक्त जानकारी आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। फैसले के बाद आदर्श लक्ष्य ने कहा कि यह न्याय की जीत है और सत्य को दबाया नहीं जा सकता। आजसू जिला और प्रखंड पदाधिकारियों ने भी फैसले का स्वागत किया और इसे जनता के विश्वास को मजबूत करने वाला बताया।

### देवघर कांग्रेस में ओबीसी विभाग की नई जिम्मेदारी, विकास राउत बने जिला अध्यक्ष



**देवघर।** जिला कांग्रेस कमिटी ने ओबीसी विभाग के नए जिला अध्यक्ष के रूप में विकास राउत को नियुक्त किया है। इस मनोनयन पर देवघर के कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी। जिला अध्यक्ष के मनोनयन का पत्र उन्हें प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सौंपा। विकास राउत के मनोनयन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकुंद दास, जिला उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय और पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने कांग्रेस के एक निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। नेताओं का कहना है कि विकास राउत के नेतृत्व में ओबीसी विभाग का संगठन देवघर जिले में और मजबूत होगा और आने वाले समय में पार्टी को इसका सकारात्मक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला महासचिव दिनेश कुमार मंडल, सोशल मीडिया प्रभारी अमित कुमार पांडेय, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी बधाई संदेश भेजा।

### जियाखाड़ा पुल पर टोटो पलटने से युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**देवघर।** सारवां थाना क्षेत्र के जियाखाड़ा पुल के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मणिगढ़ी निवासी रुपेश सिन्हा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब मृतक और घायल अनूप कुमार जियाखाड़ा से घर की ओर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, टोटो अचानक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने रुपेश सिन्हा को मृत घोषित कर दिया। वहीं,घायल अनूप कुमार का इलाज कर उन्हें कुछ घंटों बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति जानकर भावुक हो उठे। घायल अनूप कुमार ने पुलिस को बताया कि वह और मृतक रुपेश सिन्हा जियाखाड़ा से घर लौट रहे थे। उसी क्रम में टोटो पुल के पास अचानक असंतुलित होकर पलट गया। टोटो पलटने से दोनों नीचे गिर गए और हादसा इतना गंभीर था कि रुपेश सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनूप कुमार घायल हुआ। सदर अस्पताल प्रबंधन ने हादसे की जानकारी तुरंत बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस को दी। घटना के कारण और विस्तृत जांच के लिए पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### गैस सिलेंडर से पत्नी पर हमला, रिंकू देवी घायल

**देवघर**। जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के हरीरायडीह गाँव में एक पति ने मामूली विवाद के दौरान पत्नी पर पांच किलो के गैस सिलेंडर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला रिंकू देवी पति अभयकांत यादव को स्वजनों के द्वारा इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुँचाया गया। घायल महिला ने बताया कि घर में अचानक लौटे पति ने उसका ऑरिजनल आधार कार्ड माँग लिया। रिंकू देवी ने कहा कि



वह याद नहीं कर पा रही थी कि आधार कार्ड कहां रखा है। इस पर पति आग बबूला हो गया और पास में रखे पांच किलो के गैस सिलेंडर को उठाकर पत्नी पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जो मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि घायल महिला का इलाज जारी है और आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देवघर में किशोर पर चाकू से हमला मोबाइल छिनने का प्रयास नाकाम

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के बसमत्ता मोहल्ला में साजन कुमार पर मंगलवार को मोबाइल छिनने के प्रयास के दौरान चाकू से हमला किया गया। घटना में साजन के पेट, गर्दन और पीठ सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। घायलावस्था में उसे परिजनों ने तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, साजन कुमार अपने पिता की दुकान पर बैठकर अपने आईफोन में कुछ देख रहा था। इसी दौरान कुछ स्थानीय लड़कों ने उसे कॉल कर डढ़वा नदी किनारे बुलाया। जैसे ही साजन बताए गए स्थान पर पहुँचा, पहले से वहां मौजूद चार युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। साजन किसी तरह हमलावरों से भागकर सुरक्षित लौट आया और अपने परिवार को घटना की सूचना दी। परिजनों ने तुरंत नगर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायल किशोर का बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना में शामिल युवकों की तलाश कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# देव दीपावली पर 1001 दीप से रौशन हुआ गंगा घाट,मां गंगा की हुई आरती



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को देव दीपावली के पुनीत अवसर पर मां गंगा सेवा समिति साहिबगंज के द्वारा बुधवार की शाम साहिबगंज जिला मुख्यालय के स्थानीय मुक्तेश्वर धाम सीढ़ी गंगा घाट पर धूमधाम, लाइट, बाजा के साथ मां गंगा की भव्य महाआरती की गई.

सर्वप्रथम 1001 दीप जलाकर सीढ़ी घाट को सजाया गया.इसके बाद पंडित धनेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का विधिवत पूजन कर मां गंगा की आरती की गई. पूरा गंगा तट दीपों से जगमगा उठा और मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं के हर हर गंगे, जय मां गंगे, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा. आरती के बाद समिति के सदस्यों ने मिलकर दीप दान कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया.मौके पर मां गंगा सेवा समिति साहिबगंज के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय, शशि कुमार सुमन, राजीव ओझा, जगन्मय मिश्रा, सुरेश ओझा, आभाष ओझा,संदीप अवस्थी, सिद्धार्थ कुमार सहित दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे.

## गुरूद्वारा में धूमधाम से मनाया गया प्रकाश उत्सव, कीर्तन व भंडारा आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-साहिबगंज नगर के नया सड़क में अवस्थित गुरूद्वारा में बुधवार को सिख समुदाय के लोगो ने गुरुनानक देव सिंह की जयंती को 556 वां प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया.बुधवार को गुरुद्वारा में चल रहा 48 घंटे का श्रीअखंड पाठ संपन्न हो गया. पटना साहिब से श्रीअखंड पाठ करने पहुंचे पाठी टीम के गिरजा सिंह, इंद्रजीत सिंह, संतोक सिंह ने पाठ संपन्न कराया. प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर तालबन्ना स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा और बाटा रोड स्थित गुरुद्वारा में निशान साहिब की सेवा में रागी जत्था रानीगंज पश्चिम बंगाल से पहुंचे भाई रविंद सिंह ने कीर्तन किया. उसके बाद अरदास और गुरु का लंगर हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. बाटा रोड के गुरुद्वारा में सिख समुदाय के परिवार शामिल होकर गुरु नानक साहिब का 556 वां जन्म दिवस मनाया. गुरुद्वारा में कार्यक्रमों का संचालक पुरोहित सरदार आनंद गोपाल सिंह ने किया.मौके पर जसवीर सिंह,हरपाल सिंह,रवि सिंह अजमानी, बलवीर सिंह, शिवपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, जगजीत सिंह, मनप्रीत कौर,जसपाल कौर,बलजीत कौर, रविंदर कौर, चरणजीत कौर,जिया कौर सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे.

## चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग,दो घर जलकर राख,चार घरों को हुई आंशिक क्षति



उधवा-राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत अंतर्गत खुटहरी टोला गांव में बुधवार दोपहर भीषण आगजनी की घटना में दो परिवारों के आशियाना पूरी तरह जलकर खाक हो गए. जबकि चार अन्य मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए. इस हादसे में लाखों रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार खुटहरी टोला निवासी गणेश मंडल और श्रवण मंडल के मकान पूरी तरह से जल गए.जबकि पड़ोसी दीपेन मंडल, उमेश मंडल, सुपौल मंडल और चिंटू मंडल के घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा. स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर करीब 12ः30 बजे गणेश मंडल की पत्नी चूल्हे पर खाना बना रही थीं. तभी वह पानी लाने के लिए बगल के चापाकल पर चली गईं। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी पास रखे जलावन के ढेर में जा गिरी. जिससे आग लग गई.देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल में बने श्रवण मंडल के घर तक फैल गई. आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही देर में आसपास के चार अन्य घर भी इसकी चपेट में आ गए.

## तीन दिवसीय विराट युवा चेतना शिविर के लिए किया गया भूमि पूजन

संताल एक्सप्रेससंवाददाता साहिबगंज- अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 21 नवंबर से 23 नवंबर तक नगर के नार्थ कॉलोनी स्थित रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट के मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विराट युवा चेतना शिविर की तैयारियों की शुरुआत शुभ कार्य से हुई. बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट मैदान में विधिवत भूमि पूजन का आयोजन किया गया.मौके पर मौजूद शिविर संयोजक हरिहर प्रसाद मंडल ने बताया कि इस शिविर में झारखंड प्रांत के विभिन्न जिलों से करीब डेढ़ हजार युवा प्रतिभागी भाग लेने.जिसकी तैयारी चल रही है. युवाओं में नैतिक जागरण, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति चेतना जागृत करने हेतु विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है. इस विराट युवा महोत्सव के मुख्य वक्ता परम आदरणीय डॉ. चिन्मय पंड्या, प्रति कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार रहेंगे. जिनके द्वारा प्रेरक उद्बोधन से हजारों युवाओं को जीवनोमुखी संदेश प्राप्त होगा.बुधवार को भूमि पूजन की शुरुआत पूजा कुमारी एवं निभा देवी द्वारा युग संगीत से किया गया. पुरोहित श्याम नंदन सिंह ने वैदिक रीति से भूमि पूजन कराया गया. मुख्य यजमान के रूप में कल्याण श्रीवास्तव तथा सत्यदेव प्रसाद सिंह सपत्नीक उपस्थित थे. .मौके पर विश्वजीत केसरी, संजीत चौधरी, हरिहर मंडल, कमलकांत मंडल, राजकिशोर राय, अयोध्या शर्मा, पंकज सिंह, विनोद कुमार, निरंजन भारती, बाबूलाल चौधरी, पंकज पोद्दार,रामप्रताप चौधरी ,ओमप्रकाश, वीना चौधरी ,मधु देवी, रेखा देवी ,हिमांशु, प्रिया,मनोरमा सिंह, रानी श्रीवास्तव सहित दर्जनों गायत्री परिवार के सदस्यगण मौजूद थे.

## स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - गंगा उत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन साहिबगंज के तत्वावधान में गंगा तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस क्रम में बिजली घाट एवं मुक्तेश्वर घाट की सफाई की गई तथा स्थानीय लोगों को गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया.इसी क्रम में जिले के विद्यालयों में गंगा उत्सव के तहत विविध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया. जिनमें चित्रांकन, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता शामिल था. छात्रों ने गंगा हमारी धरोहर, गंगा में प्रदूषण की समस्या एवं गंगा संरक्षण में युवा पीढ़ी की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए.कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अपशिष्ट प्रबंधन एवं पुनः उपयोग की व्यवस्था, गंगा डॉल्फिन तथा अन्य जलीय जीवों के संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई. प्रतिभागी छात्रों में उत्साह एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से देखी गई. साथ मुक्तेश्वर घाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल मिल हुए.गंगा उत्सव के आयोजन का उद्देश्य आमजन को गंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं जैव-विविधता की रक्षा के प्रति प्रेरित करना था.मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, नमामि गंगे डीपीएम अमित कुमार, सहित सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित थे.

## बरहेट बाजार में बस ने दो अलग स्थानों में मारी टक्कर, दो घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट - शिव महिमा बस संख्या जेएच 17 एडी 6052 गोड्डा से बरहरवा जाने के दौरान बुधवार को बरहेट बाजार के हाट पाड़ा रोड में पहले तियोटोला गांव निवासी 10 वर्षीय ओहिद अंसारी को टक्कर मार दिया. जिसमें ओहिद घायल हो गया. उसके बाद वहीं कुछ दूरी पर खुटौना गांव निवासी 40 वर्षीय उदय गोराई के खड़ी टेम्पो में उसी बस ने मार दी. जिसमें उदय घायल हो गया. इस घटना में ओहिद अंसारी को सिर में चोट लगी है. इधर खड़ी टेम्पो में ठोकर मारने से टेम्पो चालक उदय गोराई को गंभीर चोट लगी है. हालांकि टेम्पो के अन्य लोग सवार बाल बाल बच गए. दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में चिकित्सक के द्वारा किया गया तथा बेहतर इलाज के लिए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. इधर घटना के बाद बरहेट थाना पुलिस ने संबंधित बस को अपने कब्जे में ले कर मामले की छानबीन में जुट गई है.

## मासिक अपराध गोष्ठी में बोले एसडीपीओ- रात्रि गस्ती में ना बरते लापरवाही

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक की.बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित कई दिशा-निर्देश दिया गया. गोष्ठी के उपरांत एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी थाना प्रभारियों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई निर्देश दिये गये. बैठक में थानावार अपराधिक कांडों की समीक्षा की गई. साथ ही कांडों के निष्पादन पर जोर दिया गया एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए अपराधिक छवि वाले लोगों पर पुलिस की खास नजर रखने को कहा गया है. साथ ही विधि व्यवस्था का बेहतर ढंग से संधारण व नागरिक सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये. अवैध रूप से लॉटरी विक्रेताओं के संबंध में विशेष चर्चा करते हुए कहा गया कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी छोटे स्तर पर भी लॉटरी बिक्री करते हुए देखा गया तो उसके ऊपर पूरी सख्ती बरतते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी. जिससे आने वाले समय में समाज अपराध मुफ्त हो सके. साथ ही वारंटी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, कुर्की जब्ती की कार्रवाई एवं अपराध मुक्त क्षेत्र को प्राथमिकता देने की बात कही गई. थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती पर विशेष बल देने तथा ससमय वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया. मौके पर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी. तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, राधानगर थाना प्रभारी अमर मिंज, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार, रीडर रणवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

## कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, की पूजा अर्चना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल- कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्तर वाहिनी गंगा तट सूर्य देव घाट, गुदारा घाट, रामघाट सहित अन्य गंगा घाटो में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना किया. इस दौरान आदिवासी समुदाय के लोगों ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्तर वाहिनी गंगा में स्नान कर अनुमंडल कार्यालय बालू प्लॉट रेलवे मैदान जगधात्री मंदिर परिसर एवं घाटों में जत्था लगाकर अपने जमीन से लाएं गए नए धानों व परिवारों में सुख समृद्धि को लेकर पूजा अर्चना किया. इस दौरान आदिवासी श्रद्धालुओं ने दुमका, अमड़ापारा, महेशपुर, बाकुडी बिनदीन, बोरिया, बुआरीजोर, गोड्डा, बरहेट, पतना, माधोपारा से अपने धर्म गुरुओं के साथ पहुंचकर उत्तर वाहिनी मां गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना किया. वहीं स्थानीय लोगों ने भी कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना किया एवं देवदीप दान किया. इस दौरान राजमहल नगर क्षेत्र कांजी गांव तीनपहाड़ ,भैंसमारी, फुलवरिया, जामनगर, बुधवारिया, माधोपारा बरहरवा सहित अन्य क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्तर वाहिनी गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना किया.

## सहियाओं को दी गई कालाजार व कुष्ठ रोगी की खोज करने संबंधित जानकारी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महमूद आलम की मौजूदगी में सदर प्रखंड के क्लस्टर वन व क्लस्टर टू के 40 सहिया, सहिया साथी व एमपीडब्ल्यू को कालाजार खोज पखवाड़ा व कुष्ठ खोज पखवाड़ा से संबंधित जानकारी पर्यवेक्षक पवन कुमार वर्मा के द्वारा दिया गया.बताया गया कि कालाजार खोज पखवाड़ा 6 से 20 दिसंबर तक एवं कुष्ठ रोगी खोज पखवाड़ा 10 से 26 दिसंबर तक चलेगा.जिसके लिए 172 खोजी दल के द्वारा 86 गांव के 18337 घरों के 94440 लोगो का सर्वे करना है.खोजी दल को प्रतिदिन 20 घरो का का सर्वे करना है.वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महमूद आलम ने उपस्थित सहिया, सहिया साथी व एमपीडब्ल्यू को कालाजार खोज पखवाड़ा व कुष्ठ खोज पखवाड़ा के अभियान में कोताही ना बरतने की बात कही गई.उन्होने कहा कि आप लोग ईमानदारी से सर्वे का काम करें.मौके पर एसआई विजय ओझा,सदानंद यादव, बीपीएम मनोज यादव,बीटीटी मुनी जी पांडे सहित सहिया, सहिया साथी व एमपीडब्ल्यू मौजूद थे.

## यात्रियों की सुविधा के लिए मालदा और भागलपुर से विशेष ट्रेनें

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - पूर्व रेलवे ने त्योहारी मौसम के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनें चलाने की पहल की है. ताकि सभी यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके. यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए देश के विभिन्न दिशाओं में अतिरिक्त विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं. ये सेवाएं यात्रियों खासकर त्योहारों के बाद अपने कार्यस्थलों पर लौटने वालों के लिए बहुत लाभकारी होंगी.मालदा टाउन और भागलपुर से उपलब्ध विशेष ट्रेनें04457 भागलपुर - आनंद विहार स्पेशल (जमालपुर, किऊल होकर) दिनांक 30.11.2025 तक प्रतिदिन 18ः00 बजे भागलपुर से रवाना होगी. ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध होंगे.04063 भागलपुर - दिल्ली स्पेशल (जमालपुर, किऊल होकर) दिनांक 05.11.2025 और 26.11.2025 के बीच प्रत्येक बुधवार को 13ः40 बजे भागलपुर से रवाना होगी. श्रेणी और स्लीपर श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध होंगे. 03435 मालदा टाउन - आनंद विहार स्पेशल (भागलपुर, जमालपुर, किऊल होकर) दिनांक 10.11.2025 और 24.11.2025 के बीच प्रत्येक सोमवार को 09ः30 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित सुविधाएं उपलब्ध होंगी.09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल (मुंगेर होकर) दिनांक 10.11.2025 से 24.11.2025 के बीच प्रत्येक सोमवार को भागलपुर से सुबह 05ः00 बजे रवाना होगी. इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान और वातानुकूलित सुविधाएं उपलब्ध होंगे.03417 मालदा टाउन-उधना स्पेशल (भागलपुर, जमालपुर, किऊल होकर) दिनांक 08.11.2025 को दोपहर 12ः20 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी. इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान सुविधाएं उपलब्ध होंगे.

## कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा घाट पर उमड़ी लोगो की भीड़,किया गंगा स्नान व दान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - शहर के बिजली घाट स्थित मुक्तेश्वर धाम के उत्तर वाहिनी गंगा में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अहले सुबह से दोपहर 12 बजे तक गंगा स्नान करने के लिए हजारो महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी.महिलाओ ने गंगा स्नान करने के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की. वही कार्तिक मास के प्रथम दिन से जो महिलाएं गंगा स्नान कर तुलसी का पूजा करती है.उक्त सभी महिला कार्तिक माह के समापन पर तुलसी पूजन कर गीत गाकर माहौल भक्तिमय कर दी.वही कार्तिक माह की कथा सुनकर अपने घर परिवार की शांति के लिए घर में सुख शांति के लिए कामना की. पुरोहित प्रमोद पांडे ने बताया कि कार्तिक माह के प्रथम दिन से जो महिलाएं 30 दिन तक गंगा स्नान कर तुलसी का पूजन करती है. वे आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने के बाद पुरोहित से कथा सुन कर दक्षिणा व सीधा दान देती है.और महिलाएं गंगा घाट पर मौजूद दरिद्र नारायण के बीच भी अन्न व द्रव का दान करती है. वहीं गंगा स्नान करने के लिए साहिबगंज मुख्यालय सहित आसपास के जिलों की महिला व पुरुष श्रद्धालु की भीड़ गंगा तट पर उमड़ी रही. वही साहिबगंज नगर के शकुंतला गंगा घाट,बिजली घाट,बायसी स्थान गंगा घाट,पुरानी साहिबगंज गंगा घाट,कबुतर खोपी गंगा घाट व चानन गंगा घाट,शोभनपुर भट्ठा गंगा घाट पर भी महिला व पुरुष की भीड़ गंगा स्नान करने के लिए उमड़ी रही.

## झारखंड मजदूर संघ की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-पुराना प्रखंड परिसर बोरियो में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक कि बैठक बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हांसदा की अध्यक्षता में हुई.बैठक मे संगठन मजबूती को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.बैठक मे मौजूद केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने समीक्षा के दौरान पाया कि कुल 17 पंचायत में से 5 पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया.वही बचे हुए पंचायत कमेटी को बहुत ही जल्द गठन कर लेने कि बात कही गई है.वही श्री यादव ने कहा की आगामी 9 नवंबर को बरहरवा प्रखंड में जिला कमेटी की बैठक होगी.जिसमे जिला अधिवेशन की तिथि घोषणा की जाएगी.बैठक मे मोहम्मद सद्दाम अंसारी, फूल कुमारी देवी,प्रीतम कुमार पीयूष,मनोज यादव,अभिजीत रक्षित,चार्ल्स मुर्मू,बबलू मरांडी,बुधराय टुडू सहित अन्य मौजूद थे.

## मो नदीम ने डीसी से की साहिबगंज से मनिहारी फेरी सेवा पुनः चालू कराने की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाक नदीम ने साहिबगंज डीसी हेमंत सती से जनहित में साहिबगंज फेरी सेवा घाट पिछले बार जैसे सरकारी स्तर पर पैसेंजर जहाज जो साहिबगंज से मनिहारी चलने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई गई थी. लेकिन कुछ महीनो से गंगा मे अत्यधिक पानी बढ़ जाने के कारण यह सुविधा बंद कर दी गई.जिस कारण लोगो को साहिबगंज से मनिहारी,कटिहार,पूर्णिया सहित अन्य जगह जाने मे जाने मे काफी परेशानी हो रही है.वही लोगों को भागलपुर के रास्ते इन जगहों में जाने के लिए काफी समय और पैसे अधिक लग जाता है.वही लोग मनिहारी जाने के लिए नाव का सहारा ले रहे है.नाव में क्षमता से ज्यादा सवारी होने की वजह से हमेशा खतरा बना रहता है.जिस कारण दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है.वही कई बार नाव दुर्घटना हो चुका है. नदीम ने डीसी से साहिबगंज से मनिहारी फेरी सेवा पुनः चालू कराने की मांग की है.

## बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - उत्क्रमित मध्य विधालय बच्चा मंडरों में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न सामाजिक कुरीतियों एवं अपने अधिकार के प्रति जागरूक करना था.कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, पोक्सो अधिनियम, अपहरण, एसिड अटैक, देखभाल के बाद पालक देखभाल और प्रायोजन योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई. बच्चों को बताया गया कि बाल विवाह और बाल श्रम कानूनन अपराध हैं तथा इनसे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है.साथ ही पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई. ताकि बच्चे स्वयं एवं अपने साथियों को सुरक्षित रख सकें. एसिड अटैक और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों से बचाव के उपाय भी समझाए गए.इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई. जिसके माध्यम से कोई भी बच्चा या नागरिक संकट की स्थिति में निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है.

## राजमहल में कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य गंगा आरती का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल- उत्तर वाहिनी गंगा तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को स्थानीय सूर्य देव घाट परिसर में गंगा आरती का आयोजन किया गया. इस दौरान राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी अमित मिश्रा, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन सहित अन्य संयुक्त रूप से मां गंगा का पूजा अर्चना कर किया. वही स्थानीय पुरोहित दिलीप कुमार पांडे, राजेश कुमार पांडे एवं द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया. एवं गंगा आरती देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं पहुंचे थे. मौके पर सिटी मैनेजर जितेश चौधरी, शशि आनंद, बिशु हलदार, जंग बहादुर यादव, दशरथ हलदार, फयाज अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे.

## मंदिरों में दीपक जलाकर लोगों ने मनाई देव दीपावली



संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो-मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिर्जाचौकी हाट परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में देवी देवताओं के सभी मंदिरों में देव दीपावली के अवसर पर दीपक जलाकर हर्षोल्लास के साथ देव दीपावली मनाया गया. इस संबंध में आचार्य कृष्णा जी ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन एक ही तीर से तीन राक्षस त्रिपुरासुर तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्यमाली तीनों का संहार किए थे. इस विजय के अवसर पर देवताओं ने दीप जलाकर खुशियां मनाई थी. तभी से यह परंपरा है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवालय में दीप जलाकर लोग देव दीपावली मनाते हैं. वहीं महादेववरण शिव मंदिर, गोपीनाथ शिव मंदिर, युवा राजेश्वर शिव मंदिर, पंथेश्वर शिव मंदिर में दीप दीपावली मनाई गई. मौके पर दुर्गा मंदिर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल, सचिव निरंजन जायसवाल, टिंकल भगत, बलराम भगत, गोलू चौधरी, अजय जायसवाल, रुद्रेश्वर गुप्ता, भोल्टू चौधरी, सुनील चौधरी, गोपाल घोष, अरविंद वर्नवाल, श्रीनाथ चौधरी, सिंटु चौरसिया, रामलाल प्रसाद बालेश्वर भगत सहित सैकड़ों श्रीहरि विष्णु एवं हर शिव भक्त देव दीपावली में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया.

## कबीर आश्रम में सत्संग व भंडारा का आयोजन

संवाददाता साहिबगंज-कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को साहिबगंज नगर के गांधी चौक स्थित कबीर आश्रम में सत्संग व भंडारा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कई राज्यों के संत, महात्मा और साध्वी शामिल हुए.सत्संग में मुख्यालय डीएसपी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे. सत्संग कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पच्छिम बंगाल के 24 परगना के बरहमपुर से आई संत सविता दासीन, संत चंद्र मंडल, संत संध्या सरकार, सत्संग के मुख्य वक्ता संत वेद आनंद साहिब ने लोगों को आत्मबोध के बारे में बताया और लोगों से आत्मा का पुकार सुनकर कार्य करने की बात कही.उन्होने कही कि दुसरो की भलाई व सेवा करने से मन पवित्र होता है और आत्म सुख की प्राप्ति होती है. जो व्यक्ति दूसरों की भलाई सोचता है उसका भला स्वयं परमात्मा करते है. यदि व्यक्ति योगाभ्यास, ध्यान, सत्संग करता है तो उसे अंदर से असीम आनंद की प्राप्ति होती है. मौके पर कबीर आश्रम के व्यवस्थापक महंत शंकर दास,

महंत रामानंद साहब, महंत गोपाल साहब, संत रामचंद्र साहब, संत आरती साध्वी, संत मोतीलाल साहब, महंत गोपाल साहब, संत देवंती साध्वी, संत महावती साध्वी, संत नीलम साध्वी, संत रामचंद्र साहब, संत मोतीलाल साहब, संत गणेश साहब, संत गणेश दास, संत धनराज साहब, संत सेवा दास, महंत दिनेश साहब मौजूद थे.

**बारिश से फसल को नुकसान, जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किसानों का जाना हालचाल***रामगढ़ (दुमका)ः जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने बुधवार को रामगढ़ प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर किसानों से उनकी समस्याओं पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बंदरजोड़ा, महुबना, अमड़ापहाड़ी, डांडो, सिलठा बी और कोआम पंचायतों** के किसानों से मुलाकात कर फसल नुकसान की स्थिति का जायजा लिया।उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने कहा कि वन उपज सहकारिता विभाग संथाल परगना, दुमका के पार्षद निदेशक से मिलकर किसानों की समस्याओं को जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

ई ऑक्शन खोबोर सं.
**DHN-MPS-12-25**

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद होतेते मोड़ें (05) बोछोर सोमोय लागित् धनबाद मंडल तारी रे A1, A आर ब्र स्टेशनको रे मल्टी पर्पस स्टाल लागित् ई ऑक्शन नेवतायेत् काना। पुराउ बानाडाय दो लातार रे नोडका लेका ओलाकान मेनाक्आः **क्र. सं.1, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट संख्याः** MPS-DHN-LTHR-MPS-87, **स्टेशनः** लातेहार, **श्रेणीः** अल्पसं यक (महिला), **पी.एफ नंबरः** 01, **स्टाल नं.: 01, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 2, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट सं याः MPS-DHN-GHQ-MPS-85, स्टेशनः गढ़वा, श्रेणीः अल्लसं यक (एफएफडब्लू), पी.एफ नंबरः 01, स्टाल नंः 01, **जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं.3, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट संख्याः MPS-DHN-GMO-MPS-30, स्टेशनः गोमोह, श्रेणीः अनारक्षित (मायजीउ), पी.एफ नंबरः 3/4, स्टॉल नं.: 02, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 4, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट सं याः MPS-DHN-RRME-MPS-86, स्टेशनः रांची रोड, श्रेणीःअनारक्षित, पी.एफ नंबरः 01, स्टाल नं.: 01, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 5, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट संख्याः MPS-DHN-BRWD-MPS-88, स्टेशनः बरवाडीह, श्रेणीः अनारक्षित, पी.एफ नंबरः 2/3, स्टाल नं.: 01, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 6, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट सं याः MPS-DHN-GMO-MPS-29, स्टेशनः गोमोह, श्रेणीः अनारक्षित, पी.एफ नंबरः 1/2, स्टाल नं.: 01, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 7, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट संख्याः MPS-DHN-DHN-MPS-44, स्टेशनः धनबाद, श्रेणीः अनारक्षित, पी.एफ नंबर 6/7, स्टाल नं.: 10, जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 8, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट सं याः MPS-DHN-KTH-MPS-52, स्टेशनः कतरासगढ़,श्रेणीः अनारक्षित, पी.एफ नंबरः 01, स्टाल नं.: 01, **जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 9, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट सं याः MPS-DHN-GMIA-MPS-79, **स्टेशनः** गोमिया, श्रेणीः अनारक्षित, पी.एफ नंबरः 01, स्टाल नं.: 01, **जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.11.2025, 15:00 बजे खोन, क्र.सं. 10, ठिका रेयाक् किसिमः MPS, लॉट संख्याः MPS-DHN-TET-MPS-80, स्टेशनः तेतुलमारी, श्रेणीः अनारक्षित, **पी.एफ नंबरः 1/2,** स्टाल नं.: 01, **जोतो लॉट लागित् ई-नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 17.11.2025, 15:00बजे खोन,**Catalogue No:-** DHN-MPS-13-25, **Website:-** www.ireps.gov.in, **Note-(1)** The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. (2) Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non fefundable) online submission of one time registration is required and also havin current account linked to IREPS, Payment/ Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. (3) Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal (www.ireps.gov.in) (4) Railway Administration reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), धनबाद**
पीआर/1235/डीएचएन/सीओएमएमएल/ईएएन/25-26/92










## बासुकीनाथ में खेतौरी समाज की प्रमंडलीय बैठक आयोजित



जरमुंडी, प्रतिनिधिबासुकीनाथ के स्थानीय रानी सोनावती धर्मशाला में बुधवार को खेतौरी समाज की प्रमंडलीय बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर ने समाजिक विकास पर जोर देते हुए शिक्षा को जरूरी बताया। विधायक ने कहा कि समाज में उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने, अंधविश्वास को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों में सभ्यता, संस्कृति व संस्कार की सीख देने की भी बात कही। बैठक में खैतोरी समाज के द्वारा बासुकीनाथ में बनाए जा रहे धर्मशाला निर्माण की समीक्षा भी की गई। उन्होंने अधूरे निर्माण में गति लाने और इसको भव्य रूप देने की भी अपील की। सामाजिक चर्चा के दौरान धर्मशाला निर्माण समिति के द्वारा धन संग्रह करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पार्वती देवी, आसामी लायक, नंदराम कुमार, मोहन माल, जयप्रकाश पंडा, शैलेश कुमार लायक, भागवत मांझी, श्री कांत, उप प्रमुख रामगढ़, डोमन प्रधान, अशोक दरवे, झकसु राय, शिव शंकर लायक, बसंत कुमार लायक, विनोद कुंवर, रंजीत कुमार, गुलाब राय, कांग्रेस राय, पायल कुमारी, नवगोपाल माल, रामलाल राय सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बारिश से फसल को नुकसान, जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किसानों का जाना हालचाल

रामगढ़ (दुमका)ः जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने बुधवार को रामगढ़ प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर किसानों से उनकी समस्याओं पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बंदरजोड़ा, महुबना, अमड़ापहाड़ी, डांडो, सिलठा बी और कोआम पंचायतों के किसानों से मुलाकात कर फसल नुकसान की स्थिति का जायजा लिया।उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने कहा कि वन उपज सहकारिता विभाग संथाल परगना, दुमका के पार्षद निदेशक से मिलकर किसानों की समस्याओं को जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पहल की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, बीते कुछ दिन की लगातार बारिश के कारण क्षेत्र में धान की फसल काफी प्रभावित हुई है। कई किसान फसल के सड़ने की आशंका और कीड़ों के प्रकोप से चिंतित हैं।

## लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार,

रामगढ़ (दुमका) समकालीन अभियान के तहत रामगढ़ थाने के पुलिस अधिकारियों ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार के अनुसार गिरफ्तार कर जेल भेजे गए वारंटियों में रामगढ़ थाना कांड संख्या 48/2017 का वारंटी अनिल रजक उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्व0 सूरज रजक निवासी ग्राम- घाघरी थाना रामगढ़ जिला-दुमका, पीसीआर केस 187/2017 के वारंटी मंगल मुर्मू पिता-स्व जेधा मुर्मू, निवासी ग्राम-पतरामपुर थाना रामगढ़ जिला दुमका तथा सीसी केस 2258/2022 के वारंटी शेखर राय पिता पूरण राय निवासी ग्राम -सिंदुरिया दुमका शामिल हैं।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने एजीएम, सदस्यता अभियान और रक्तदान शिविर को लेकर लिए बड़े निर्णय

दुमका। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दुमका शाखा की प्रबंधन समिति की बैठक रविवार को रेड क्रॉस भवन में चेयरमैन डॉ. राजकुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली सुदृढ़ करने, पारदर्शिता बढ़ाने और समाज हित के कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में वार्षिक आम सभा आयोजित करने और इसके लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नई सदस्यता रसीदें छपवाकर जिले में सदस्यता अभियानशुरू करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग रेड क्रॉस से जुड़ सकें।कार्यालय संचालन और स्टाफ नियुक्ति के संबंध में समिति ने भवन परिसर की सफाई, कार्यालय का नियमित खुला रहना और स्थायी स्टाफ की नियुक्ति करने का निर्णय लिया। इसके लिए शीघ्र ही चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## जगमगाई देव दीपावली, 251 दीपों से सजा आश्रम

दुमकाः कार्तिक पूर्णिमा पर दुमका के सतन आश्रम धधकिया में बुधवार को पारंपरिक देव दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मठाधीश स्वामी आत्मानंद पुरी ने पूजा-अर्चना और दीपप्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि यह दिन भगवान शंकर के असुर त्रिपुरासुर पर विजय का प्रतीक है और 1991 में काशी के दशाश्वमेध घाट पर संत किशोरी रमन दूबेद्वारा इसकी शुरुआत हुई थी।भक्तों ने 251 दीपों की जगमगाहट और धार्मिक अनुष्ठानों का आनंद लिया, जिसमें सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक प्रसन्नता की कामना की गई।

# देश भर के एलपीजी गैस वितरक 6 नवंबर को करेंगे नो मनी नो इंडेंट आंदोलन

**विशेष संवाददाता**

दुमका।एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन (इंडिया) के नेतृत्व में देश भर के सभी एलपीजी वितरक, अपनी एक सूत्री मांग के समर्थन में आंदोलन के तृतीय चरण में 6 नवम्बर को %नो मनी नो इंडेंट% करेंगे अर्थात न पैसा जमा करेंगे न कंपनी से लोड लेंगे।6 नवंबर को किसी प्रकार का इंडेंट नहीं करेंगे और न ही इसके लिए कंपनी को कोई भुगतान करेंगे।एसोसिएशन दुमका जिला यूनिट के अध्यक्ष राजेंद्र भगत द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा डिनोबा-स्टडी की सिफारिश को लागू नहीं किया जा रहा है।इसमें वितरक का सेवा शुल्क एवं होम डिलीवरी का चार्ज 150 रुपए होना चाहिए। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने 19 अप्रैल 2025 को भोपाल अधिवेशन में संकल्प पारित कर सचिव भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भेजा गया था पर सरकार द्वारा एलपीजी वितरकों की मांगों पर किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं लेने से देश के एलपीजी वितरक असंतुष्ट और आंदोलनरत हैं। एसोसिएशन

ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का विचार कर रहे हैं और पूरे देश में एलपीजी की सप्लाई को बंद कर देंगे। एसोसिएशन ने कहा है कि उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए भारत सरकार और तेल कंपनियां जिम्मेदार होगी। एसोसिएशन के आह्वान पर दुमका जिले के भी तीनों कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत गैस एवं एचपी गैस के सभी 16 वितरकों ने पूर्ण समर्थन की घोषणा की है। ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के आह्वान पर नो मनी नो इंडेंट यानी गैस की आपूर्ति के लिए न तो भुगतान करेंगे ना ही आदेश देंगे का अनुपालन करने का निर्णय लिया है।

## महिला सशक्तिकरण : मुड़ी मिल से बढ़ेगी आजीविका और आत्मनिर्भरता

**रामगढ़ (दुमका)।** महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए रामगढ़ प्रखंड में ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन (ञ्जढ्ढस्न) द्वारा वित्त पोषित एवं ग्राम साथी संस्था द्वारा संचालित एमपावर्ड परियोजना के तहत स्थानीय महिला समूहों को मुड़ी मशीन उपलब्ध कराई गई है।यह मिल लखनपुर पंचायत के पातोबांध गाँव के सूरजमुखी आजीविका सखी मंडल और धोबा पंचायत के जोगिया गाँव के चंपा आजीविका सखी मंडल में स्थापित की गई है। यह क्षेत्र संताल परगना के अंतर्गत आता है, जहाँ मुड़ी (मुरमुरा) पारंपरिक रूप से संथाली परिवारों के भोजन का एक अभिन्न हिस्सा है। इसी परंपरा को उद्यमिता से जोड़ते हुए महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का यह प्रयास



एक नई मिसाल पेश कर रहा है। स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन से प्राप्त फंड का उपयोग कर मुड़ी निर्माण इकाई की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। प्रारंभिक चरण में उन्हें पारंपरिक तरीके से मुड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने हाट-बाजारों में मुड़ी की बिक्री शुरू की और अच्छी आमदनी प्राप्त की। इस सफलता से प्रेरित होकर उन्होंने ग्राम साथी संस्था से प्राप्त सीड ग्रांट राशि और अपने स्वयं के योगदान से ÷मुड़ी मिल÷ स्थापित की। नई मशीन से अब प्रति घंटे लगभग 100 किलोग्राम मुड़ी का उत्पादन संभव होगा। मशीन आधारित उत्पादन से न केवल उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, बल्कि उत्पाद की पैकिंग, ब्रांडिंग और बड़े बाजारों तक पहुँच भी सुलभ हो सकेगी।

प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अब परियोजना की प्रतिभागी महिलाएँ मुड़ी को पैक कर ब्रांड नाम से बाजार में बेचेंगी, जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त होगा। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय खाद्य संस्कृति के संरक्षण और सतत आजीविका के नए अवसरों को भी प्रोत्साहित करेगी।

इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार गुप्ता, रुपेश कुमार, खुशबू कुमारी, स्मार्ट सखी सावित्री सोरेन, मयबीटी बेसरा, दोनों समूहों की प्रतिभागी महिलाएँ तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## निशुंभनाथ मंदिर ः पूर्णाहुति के साथ लक्ष्मीनारायण चातुर्मास महायज्ञ का समापन



जरमुंडी,प्रतिनिधिजरमुंडी प्रखंड के बेलदाहा-मधुपुर स्थित प्राचीन निशुंभनाथ मंदिर में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण चातुर्मास महायज्ञ का बुधवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। महायज्ञ के आचार्य, स्वामी धीरज कृष्ण पराशर के दिशा निर्देशन में विद्वान ब्राहमणों ने सपत्नीक मुख्य यजमान से संकल्प कराकर महायज्ञ की पूर्णाहुति कराई। इस अवसर पर निशुंभनाथ मंदिर प्रांगण हर हर महादेव और भगवान लक्ष्मीनारायणनाथ के जयघोष से गूंज उठा। पूर्णाहुति के बाद सपत्नीक मुख्य यजमान ने, यज्ञ भगवान की आरती और पुष्पांजलि निवेदन विधिपूर्वक महायज्ञ को पूर्ण किया। यज्ञ के प्रणेता आचार्य स्वामी धीरज कृष्ण के सान्निध्य में, यज्ञ संपन्न करवाने वाले ब्राह्मण पंडितों द्वारा मुख्य यजमान और उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन के साथ शांति जल प्रदान किया। तत्पश्चात धूमधाम के साथ मोतीहारा नदी में कलश विसर्जन किया। गया। बता दें कि यह पांच दिवसीय महायज्ञ एक नवंबर से पांच नवंबर तक निर्धारित किया गया था। लक्ष्मी नारायण चातुर्मास महायज्ञ के दौरान सनातन धर्मावलंबियों के लिए संध्याकालीन विशेष सत्र में धार्मिक प्रवचन और रात्रि 9ः00 बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा महा रासलीला का आयोजन किया गया। लक्ष्मी नारायण चातुर्मास महायज्ञ के सफल आयोजन में बेलदाहा-मधुपुर के ग्रामीण और निशुंभनाथ मंदिर समिति के सदस्य,नवयुवक संघ सहित क्षेत्रवासियों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया।

## बासुकीनाथ में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

जरमुंडी प्रतिनिधि कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर बुधवार को फौजदारी बाबा के दरबार बासुकीनाथ में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का जनशैलाब उमड़ पड़ा। कार्तिक पूर्णिमा पर रात्रि दो बजे से ही हजारों शिवभक्त बासुकीनाथ मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित हो गए थे। भक्तों ने शिवगंगा सरोवर में कार्तिक स्नान किया और इसके बाद बाबा बासुकीनाथ के पूजन के लिए लाईन में लगकर मंदिर पहुंचे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूर्णिमा को लेकर बासुकीनाथ मंदिर परिसर के उतर दरवाजा को बंद रखा गया था। श्रद्धालु संस्कार मंडप के रास्ते (हाथी गेट) पूरब दरवाजा होकर कतारबद्ध तरीके से बासुकीनाथ मंदिर परिसर पहुंचे और लोहे की बेरिकेटिंग से गर्भगृह में प्रवेश किया। कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष पर संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल और दंडाधिकारी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जरमुंडी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी डीएसपी श्यामानंद मंडल सहित अन्य पुलिसकर्मी और प्रशासनिक पदाधिकारीगण दिनभर मंदिर की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। बासुकीनाथ में देर शाम तक करीब 85 हजार भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। बता दें कि पूर्णिमा पर पूर्वाहन तीन बजे के करीब बाबा बासुकीनाथ मंदिर का पट खोला गया। इसके बाद बीते रात्रि के पूजन अवशिष्टों को नागेश ज्योतिर्लिंग से हटाकर गर्भगृह की सफाई की गई। ततपश्चात प्रभातकालीन सरकारी पूजा के बाद बासुकीनाथ मंदिर को भक्तों के लिए खोल दिया गया। मंदिर खुलने पर भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना करने के लिके दिनभर गातार जारी रही। कार्तिक पूर्णिमा पर बासुकिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जो शाम 4 बजे तक निरंतर जारी रहा। शाम चार बजे से भोलेनाथ की विश्राम पूजा हुई। ततपश्चात मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। संध्या लगभग 6ः00 बजे कपाट पुनः खुलने पर श्रद्धालुओं ने एक बार फिर जलार्पण और पूजा अर्चना किया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने, असंख्य दीप जलाकर देव

## दुमका में हॉकी दुमका के तत्वाधान में मैत्री हॉकी मैच का आयोजन

दुमका।भारत हॉकी की गौरवशाली यात्रा के सौ वर्ष पूरे होने का भव्य उत्सव मनाने जा रहा है। 7 नवम्बर 2025 को देशभर में 500 से अधिक जिलों में ÷100 इयर्स ऑफ इंडियन हॉकी÷ के तहत मैचों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी कड़ी में *दुमका में हॉकी दुमका के तत्वाधान में एक मैत्री हॉकी मैच का आयोजन* किया जाएगा, जिसमें कई विद्यालयों के महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन *संत जेवियर्स कॉलेज, महारो दुमका के खेल मैदान* में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगा। उक्त बात की जानकारी बुधवार को दुमका के हॉकी सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं।

## धनबाद सांसद ढुलू महतो ने बासुकीनाथ में पूजा अर्चना किया



जरमुंडी, प्रतिनिधिप्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ मंदिर में बुधवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने अपनी सहधर्मिणी के साथ भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अभीष्ट कामनाएं की। इस अवसर पर सांसद को बासुकीनाथ मंदिर में उनके पुरोहित पलटू मिश्र एवं सहयोगियों ने विधि-विधान से बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता की पूजा अर्चना करायी। इस मौके पर जरमुंडी थाना के एसआई सुशील कुमार, अभय कुमार, मुंशी कुंदन कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी एवं सांसद के समर्थक मौजूद थे।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान एलसीडीसी 2025 का प्रशिक्षण संपन्न

मसलिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया में कुष्ठ रोग खोज अभियान एलसीडीसी 2025 के तहत प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी सहिया एवं पुरुष वॉलंटियर ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय स्तर पर कुष्ठ रोग के संभावित मामलों की शीघ्र पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ना था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान की विधि, रोगी के प्रति व्यवहार, माइक्रोप्लान के अनुसार घर-घर खोज अभियान की प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुस्मिता कुमारी एवं कुष्ठ नोडल पदाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार पाल ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अभियान के दौरान सावधानियाँ बरतने, समय पर रिपोर्टिंग करने तथा समाज में कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियाँ दूर करने पर बल दिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक,मुकुंदर दास, सुपरवाइजर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## दुमका में मनाई गई गुरुनानक देव जी की जयंती, सभी धर्मों के लोग हुए शामिल



दुमकाः बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे दुमका के दुधानी स्थित कमला बाग कॉलोनी में गुरुनानक देव जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सिख समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्म और समुदाय के लोग भी शामिल हुए।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गुरुनानक देव जी की तस्वीर और गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ माथा टेका। इस अवसर पर गुरुवाणी का पाठ भी किया गया, जिससे आयोजन में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। सिख धर्म के अनुयायियों ने इस अवसर को बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, वहीं अन्य धर्मों के लोगों की भी उपस्थिति से एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

## भाषा सैनिक व समाजसेवी अशोक कुमार मंडल नहीं रहे, क्षेत्र में शोक की लहर

दुमका।बांग्ला भाषा और संस्कृति के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी व भाषा सैनिक अशोक कुमार मंडल *का निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। मिली जानकारी के अनुसार, श्री मंडल का निधन 4 नवम्बर की मध्य रात्रि को कटिहार मेडिकल कॉलेज, कटिहार (बिहार) में उपचार के दौरान हुआ। उनके निधन से पूरे प्रमंडल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।बेवा ग्राम (जामताड़ा जिला) निवासी स्व. मंडल, पूर्व मुखिया स्व. जयदेव मंडल के सुपुत्र थे। वे झारखंड बांगाली समिति के कोषाध्यक्ष एवं पं. ईश्वरचंद्र विद्यासागर लिटिल मेगज़ीन सह ग्रंथ मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष थे।उनके निधन पर बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव गौतम चटर्जी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ÷अशोक मंडल का जाना जामताड़ा जिला ही नहीं, पूरे झारखंड के बांग्ला भाषा आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है।÷